मनेन्द्रगढ़

15 अगस्त 2025 शुक्रवार

# दैनिक मीडियाऑडीटर

मनेन्द्रगढ़, रीवा एवं सतना से एक साथ प्रकाशित

स्वतंत्रता दिवस के इन्विटेशन कार्ड पर ऑपरेशन सिंदूर का लोगो

# राष्ट्रगान बजाने वाले बैंड में पहली बार अग्निवीर मोदी बतौर पीएम 12वीं बार फहराएंगे तिरंगा



**नई दिल्ली ,एजेंसी।** यह तस्वीर 2024 की है। पीएम मोदी ने 12वीं बार स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले पर तिरंगा फहराया। वे ऐसा करने वाले तीसरे पीएम बने। उनसे पहले पंडित नेहरू ने 17 बार और इंदिरा गांधी ने 16 बार लाल किले से झंडा फहराया था। 15 अगस्त 2025 को 79वां स्वतंत्रता दिवस मनाया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली में लाल किले पर राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे और राष्ट्र को संबोधित करेंगे।इस बार की थीम नया भारत है। मोदी दिल्ली के लालकिले की प्राचीर से लगातार 12वीं बार राष्ट्र को संबोधित करेंगे। पीएम अपने संबोधन से अंतरराष्ट्रीय बिरादरी को भारत का विजन देंगे। साथ ही, पूरा संबोधन सेना के शौर्य को समर्पित होगा।

इस साल पहली बार राष्ट्रगान बजाने वाले बैंड में 11 अग्निवीर हिस्सा लेंगे। साथ ही इन्विटेशन कार्ड




पर ऑपरेशन सिंदूर का लोगो और चिनाब पुल का वॉटरमार्क भी होगा। जो नए भारत के उदय को दर्शाता है।

रिहर्सल के दौरान इंडियन एयर फोर्स के हेलिकॉप्टर ने फूलों की वर्षा की।गार्ड ऑफ ऑनर की कमान विंग कमांडर एएस सेखों संभालेंगे गार्ड ऑफ ऑनर की कमान विंग कमांडर



एएस सेखों संभालेंगे। प्रधानमंत्री के गार्ड में थलसेना दस्ते की कमान मेजर अर्जुन सिंह, नौसेना दस्ते की कमान लेफ्टिनेंट कमांडर कोमलदीप सिंह और वायुसेना दस्ते की कमान स्क्वाड्रन लीडर राजन अरोड़ा संभालेंगे। दिल्ली पुलिस दस्ते की कमान एडिशनल DCP रोहित राजबीर सिंह संभालेंगे।

1721 फील्ड बैटरी (सेरेमोनियल) की 21 तोपों की सलामी 1721 फील्ड बैटरी (सेरेमोनियल) की तरफ से 21 तोपों की सलामी दी जाएगी। स्वदेशी 105 मिमी लाइट फील्ड गन का उपयोग करने वाली इस सेरेमोनियल बैटरी की कमान मेजर पवन सिंह शेखावत के हाथों में होगी।128 जवान तिरंगा फहराने के समय सलामी देंगे राष्ट्रीय ध्वज रक्षक दल, जिसमें थलसेना, नौसेना, वायुसेना और दिल्ली पुलिस के एक-एक अधिकारी और 32 अन्य रैंक के कर्मी शामिल होंगे, कुल 128 जवान प्रधानमंत्री के राष्ट्रीय ध्वज फहराने के समय राष्ट्रीय सलामी देंगे। विंग कमांडर तरुण डागर इस इंटर सर्विस गार्ड और पुलिस गार्ड की कमान संभालेंगे। पहली बार राष्ट्रगान बैंड में 11 अग्निवीर शामिल राष्ट्रीय ध्वज गार्ड में सेना की टुकड़ी की कमान मेजर प्रकाश सिंह, नौसेना की टुकड़ी की कमान लेफ्टिनेंट कमांडर मोहम्मद परवेज और वायु सेना की टुकड़ी की कमान स्क्वाड्रन लीडर वीवी शरवन संभालेंगे। दिल्ली पुलिस की टुकड़ी की कमान एडिशनल DCP अभिमन्यु पोसवाल संभालेंगे। जूनियर वारंट ऑफिसर एम डेका बैंड का संचालन करेंगे।



**समस्त देश-प्रदेशवासियों को राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं ।**

## अवकाश सूचना

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर दिनांक 15 अगस्त 2025 शुक्रवार को कार्यालय में अवकाश रहेगा। अतः अगला अंक दिनांक 17 अगस्त 2025 को प्रकाशित होगा।

**- संपादक**

## नूंह में हिंसक झड़प, गिरफ्तार 5 आरोपियों को जमानत

**नूंह, एजेंसी।** हरियाणा के नूंह में हिंसक झड़प में गिरफ्तार किए 5 आरोपियों को जमानत मिल गई है। पांचों आरोपियों को बुधवार को कोर्ट में पेश किया गया था। यहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था, लेकिन इसके बाद इन्हें फिरोजपुर झिरका के एडिशनल सिविल जज विकास की अदालत ने जमानत दे दी। इनकी पैरवी एडवोकेट हाशिम ने की।

पांचों राजस्थान में अलवर जिला के हाजीपुर के रहने वाले हैं। इनमें लुकमान (32), जुबैर (37), उमरदीन (35), सकरुल्ला खान (40) और रुस्तम (37) शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक, बाकी फरार आरोपियों की तलाश के लिए 3 टीमें गठित की गई हैं।

आवारा कुत्तों पर सुप्रीम कोर्ट में फैसला सुरक्षित

## बचाव पक्ष ने कहा- समाधान हो, सरकार बोली- यहां ऐसे मांसाहारी, जो खुद को पशु प्रेमी बताते हैं

**नई दिल्ली,एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने आवारा कुत्तों के मुद्दे पर गुरुवार को सुनवाई की। जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एनवी अंजारिया की स्पेशल बेंच ने सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया है। सरकार की तरफ से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दलील दी कि यहां कई ऐसे मांसाहारी लोग हैं, जो खुद को पशु प्रेमी बताते हैं। वहीं, कपिल सिब्बल ने कहा कि मामले का समाधान हो। दिल्ली-NCR से कुत्तों को इकट्ठा कर ऐसे शेल्टर होम भेजें, जो अभी हैं ही नहीं।

**दिल्ली-NCR में आवारा कुत्तों को शेल्टर होम में भेजने का आदेश :** इससे पहले, सुप्रीम कोर्ट की दो जजों की बेंच ने 11 अगस्त को मामले में फैसला सुनाया था, जिसका बड़े स्तर पर विरोध हो रहा है। बुधवार को चीफ जस्टिस बीआर गवई ने कहा कि कॉन्फ्रेंस ऑफ ह्यूमन राइट्स (इंडिया) एनजीओ की याचिका पर कहा था कि वह खुद इस मामले पर गौर करेंगे। मामला 3 जजों की स्पेशल बेंच को सौंप दिया था। शीर्ष कोर्ट ने 11 अगस्त को डॉग बाइट्स और रेबीज के मामलों को देखते हुए सभी आवारा कुत्तों को 8 हफ्तों में दिल्ली-NCR के आवासीय क्षेत्रों से हटाकर शेल्टर होम में भेजने का आदेश दिया था। कोर्ट ने इस काम में बाधा डालने वाले व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी थी।

**जस्टिस विक्रम नाथ ने कहा- अधिकारी वह नहीं कर रहे, जो उन्हें करना चाहिए** :जस्टिस विक्रम नाथ ने एक महिला वकील से पूछा- मिस दवे, आप किसकी तरफ से हैं? दवे बोलीं- मैं एमसीडी की ओर से हूं। हमारा हलफनामा रिकॉर्ड में है। जो भी आदेश पारित होगा, हम उसका पालन करने तैयार हैं। जस्टिस विक्रम नाथ ने कहा कि लेकिन आपका क्या कहना है? यह नगर निगम की निष्क्रियता के कारण हो रहा है। स्थानीय अधिकारी वह नहीं कर रहे, जो उन्हें करना चाहिए। उन्हें यहां जिम्मेदारी लेनी चाहिए। यहां हस्तक्षेप दर्ज कराने आए हर व्यक्ति को जिम्मेदारी लेनी चाहिए।



कर्नाटक MLC बोले- 2800 कुत्तों को मरवाया

### खाने में जहर दिया, पेड़ के नीचे दफनाया बच्चों की सेफ्टी के लिए जेल जाने को तैयार



**बेंगलुरु ,एजेंसी।** कर्नाटक में जनता दल सेक्युलर पार्टी के नेता और MLC एसएल भोजेगौड़ा ने बुधवार को विधान परिषद में कहा कि उन्होंने करीब 2800 कुत्तों को मरवाया है।ऐसा बच्चों की सुरक्षा को देखते किया है।वह इसके लिए जेल जाने को भी तैयार हैं।भोजेगौड़ा ने मांग की कि सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की जाए।कर्नाटक भारत का पहला राज्य बने, जो सुप्रीम कोर्ट से कुत्तों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग कर सके।भोजेगौड़ा ने कहा कि हमें भी जानवरों की चिंता है, लेकिन पशु प्रेमी एक और खतरा हैं।आप छोटे बच्चों की पीड़ा देख सकते हैं।इसके बारे में रोज अखबारों में पढ़ते हैं और टीवी में सुनते हैं। भोजेगौड़ा ने पुराने वाकये का जिक्र किया भोजेगौड़ा ने एक पुराने वाकये का जिक्र करते हुए कहा, जब वह चिकमगलूर में नगर निकाय के अध्यक्ष थे।तब उन्होंने मांस में कुछ जहर मिलवाकर लगभग 2800 कुत्तों को खिला दिया था।फिर उन्हें नारियल के पेड़ों के नीचे दफना दिया था।

## वोट चोरी पर चुनाव आयोग बोला-ऐसे गंदे शब्दों से बचें,यह करोड़ों वोटर्स पर हमला

राहुल ने कहा था- आयोग वोट चोरी करा रहा

**नई दिल्ली,एजेंसी।** चुनाव आयोग ने गुरुवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी और विपक्ष के वोटर लिस्ट में गड़बड़ी और वोट चोरी के आरोपों का जवाब दिया। चुनाव आयोग ने कहा, 'वोट चोरी' जैसे गंदे शब्दों का इस्तेमाल कर झूठी कहानी गढ़ने की कोशिश करना करोड़ों भारतीय मतदाताओं पर सीधा हमला है।

आयोग ने कहा, ऐसे आरोप लाखों चुनावकर्मियों की ईमानदारी पर भी चोट है। 'एक व्यक्ति, एक वोट' का कानून भारत के पहले आम चुनाव 1951-1952 से ही लागू है। यदि किसी के पास इस बात का प्रमाण है कि किसी व्यक्ति ने किसी चुनाव में वास्तव में दो बार मतदान किया है, तो उसे बिना किसी सबूत के देश के सभी मतदाताओं को 'चोर' कहने के




बजाय, एक शपथ-पत्र के साथ निर्वाचन आयोग को यह प्रमाण सौंपना चाहिए।

**वोटर वेरिफिकेशन पर राहुल और विपक्ष के आरोप** :12 अगस्त को राहुल ने कहा था- पिक्चर अभी बाकी है

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने 12 अगस्त को कहा था, केवल एक सीट नहीं बल्कि बहुत सी सीटें हैं, जहां वोटर लिस्ट में गड़बड़ी की जा रही है। यह नेशनल लेवल पर सिस्टमेटिकली किया जा रहा है। बिहार की अपडेट हुई वोटर लिस्ट में 124 साल की फर्स्ट टाइम वोटर मिंता देवी के सवाल पर राहुल ने कहा- हां, मैंने उसके बारे में सुना है। ऐसे एक नहीं, अनलिमिटेड केसेस हैं। पिक्चर अभी बाकी है।

राहुल ने कहा- चुनाव आयोग यह जानता है और हम भी जानते हैं। पहले कोई सबूत नहीं था, लेकिन अब हमारे पास सबूत हैं। हम संविधान की रक्षा कर रहे हैं।एक व्यक्ति एक वोट संविधान की नींव है। श्वष्ट का कर्तव्य है कि वो एक व्यक्ति एक वोट को लागू करे, लेकिन उसने ऐसा नहीं किया। हम ऐसा करते रहे हैं और करते रहेंगे। 12 अगस्त को संसद में विपक्षी सांसद मिंता देवी की फोटो वाली टी शर्ट पहनकर पहुंचे।दावा था कि मिंता देवी बिहार चुनाव आयोग की वोटर लिस्ट में 124 साल की फर्स्ट टाइम वोटर हैं। 12 अगस्त को संसद में विपक्षी सांसद मिंता देवी की फोटो वाली टी शर्ट पहनकर पहुंचे।

## एससी/एसटी आरक्षण में 'क्रीमी लेयर' लागू करने की याचिका स्वीकार

सुप्रीम कोर्ट में 10 अक्टूबर को सुनवाई; केंद्र ने कहा था- इसे लागू नहीं किया जाएगा



**नई दिल्ली,एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को एससी/एसटी आरक्षण में 'क्रीमी लेयर' लागू करने की मांग पर सुनवाई करने का फैसला किया है। यह याचिका रामाशंकर प्रजापति ने दायर की है। उनका कहना है कि आरक्षण का फायदा ज्यादातर एससी/एसटी के अमीर और मजबूत वर्ग को मिल रहा है, जबकि गरीब लोग पीछे रह जाते हैं। याचिका में कहा गया है कि एससी/एसटी आरक्षण में दो स्तर हों, पहले आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को , फिर बाकी को मौका मिले। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया है और 10 अक्टूबर को अगली सुनवाई होगी। याचिकाकर्ता ने 2024 के देविंदर सिंह केस का हवाला दिया, जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि एससी/एसटी में भी 'क्रीमी लेयर' यानी अमीर वर्ग की पहचान करके उन्हें आरक्षण से बाहर किया जा सकता है। अदालत ने माना था कि ऐसा करने से ही असली समानता आएगी। 9 अगस्त, 2024- केंद्र बोला- क्रीमी लेयर लागू नहीं होगा केंद्र सरकार ने 9 अगस्त 2024 को घोषणा की थी कि अनुसूचित जाति और जनजातियों एससी/एसटी के आरक्षण में क्रीमी लेयर लागू नहीं किया जाएगा। कैबिनेट मीटिंग के बाद केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था कि NDA सरकार बीआर अंबेडकर के बनाए गए संविधान से बंधी है। इस संविधान में एससी/एसटी आरक्षण में क्रीमी लेयर का कोई प्रावधान नहीं है।

रेणुकास्वामी मर्डर केस- एक्टर दर्शन की जमानत रद्द

## सुप्रीम कोर्ट बोला- लोकप्रियता चाहे जितनी हो कानून से बड़ा कोई नहीं; आरोपी सरेंडर करें

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को रेणुकास्वामी हत्याकांड के मुख्य आरोपी एक्टर दर्शन और बाकी लोगों को दी गई जमानत रद्द कर दी। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की बेंच ने कर्नाटक हाईकोर्ट के आदेश को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि उसमें कई खामियां हैं।

सुनवाई के दौरान जस्टिस पारदीवाला ने कहा कि यह फैसला यह संदेश देता है कि आरोपी चाहे कितना भी बड़ा क्यों न हो, वह कानून से ऊपर नहीं है। कोर्ट ने अधिकारियों को एक्टर दर्शन समेत सभी आरोपियों को तुरंत हिरासत में लेने का निर्देश दिया। साथ ही राज्य सरकार को जेल में उन्हें विशेष सुविधाएं देने को लेकर भी चेतावनी दी।

यह फैसला कर्नाटक सरकार की उस याचिका पर



आया, जिसे हाईकोर्ट के 13 दिसंबर 2024 को दर्शन और सह-आरोपी को जमानत देने के आदेश के खिलाफ दायर किया गया था।

दर्शन, पवित्रा गौड़ा समेत बाकी आरोपियों पर 33 साल की रेणुकास्वामी नाम की फैन के अपहरण और उसे प्रताड़ित करने का आरोप है। पुलिस का कहना है कि रेणुका को जून 2024 में बेंगलुरु के एक शेड में तीन दिन तक प्रताड़ित किया गया। बाद में उसका शव एक नाले से मिला था।



## कोटखाई में बादल फटा, शिमला-कुल्लू में 20 गाड़ियां दबीं,26 दुकानें-शेड टूटीं

घर खाली कराए, पेयजल सप्लाई बंद ; 4 जिलों में स्कूल बंद

**शिमला,एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश में शिमला के कोटखाई के खलटूनाला के पीछे पहाड़ियों में गुरुवार सुबह करीब 3 बजे बादल फटने से नाले में मलबा आ गया। इससे 6 से ज्यादा गाड़ियां और आधा पेट्रोल पंप दब गया। पंप पर काम करने वाले कर्मचारियों ने भाग कर जान बचाई।

भारी बारिश के अलर्ट को देखते हुए ऊना जिला, कुल्लू के बंजार सब डिवीजन, शिमला के जुब्बल और मंडी के थुनाग में भी स्कूलों में छुट्टी कर दी गई। शिमला शहर के अलग-अलग नालों में आई बाढ़ व मलबे में 15 से ज्यादा गाड़ियां दबीं। किन्नौर के पूह





में बुधवार शाम बादल फटने से सतलुज का जलस्तर बढ़ा। इससे शिमला में रामपुर के गानवी में 26 लोगों के टैम्परेरी शेड, दुकानें और स्टोर बीती शाम के फ्लड में नष्ट हुए। यहां घरों को खाली कराया गया। गानवी पुलिस चौकी भी खतरे की जद में आई। बाढ़ के कारण गानवी जल विद्युत परियोजना का पुल ढह गया।

शिमला शहर के लिए पेयजल सप्लाई करने वाला चाभा प्रोजेक्ट भी जलमग्न हो गया है, जिससे घरों में पानी नहीं पहुंचा।

शिमला, कुल्लू, सोलन और सिरमौर जिले में भी भारी बारिश से जगह-जगह लैंडस्लाइड हुए। इससे 1 नेशनल हाईवे समेत 395 सड़कें बंद हो गईं। शिमला और कुल्लू जिले में अलग-अलग जगहों पर 20 से ज्यादा गाड़ियां मलबे में दब गईं।

मौसम विभाग ने चंबा, कांगड़ा और मंडी जिला में आज ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। अन्य जिलों में यलो अलर्ट की चेतावनी दी गई है। कल से वेस्टर्न डिस्टरबेंस थोड़ा कमजोर जरूर पड़ेगा। मगर प्रदेश के कई भागों में हल्की बारिश जारी रहेगी।

## असम में अब ऑनलाइन पोर्टल से मिलेंगे हथियारों का लाइसेंस

### संवेदनशील इलाकों के लोगों मिलेगा फायदा



**गुवाहाटी, एजेंसी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने गुरुवार को एक डिजिटल पोर्टल लॉन्च किया, जिसके जरिए राज्य के संवेदनशील क्षेत्रों में रहने वाले मूल निवासी हथियार लाइसेंस के लिए आवेदन कर सकेंगे। यह कदम सरकार और जिम्मेदार नागरिकों के बीच साझेदारी को मजबूत करने के लिए उठाया गया है, ताकि कानून-व्यवस्था बनाए रखने में मदद मिल सके। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि सरकार केवल लाइसेंस देगी, हथियार नहीं।

मुख्यमंत्री सरमा ने बताया कि इस पोर्टल के जरिए केवल वही लोग आवेदन कर सकेंगे, जो असम के मूल निवासी हैं और संवेदनशील क्षेत्रों में रहते हैं। उनका उद्देश्य है कि ऐसे जिम्मेदार लोग, जो बिना आपराधिक पृष्ठभूमि के हों, राज्य में शांति और सुरक्षा बनाए रखने में सहयोग करें।

**कड़ा चयन और जांच प्रक्रिया :** सरकार ने स्पष्ट किया है कि हथियार लाइसेंस केवल उन्हीं को मिलेगा, जो मानसिक रूप से स्वस्थ हों और जिनके खिलाफ कोई आपराधिक मामला दर्ज न हो। लाइसेंस देने से पहले एक मल्टी-लेयर जांच और गहन पड़ताल होगी, ताकि कोई भी गलत व्यक्ति हथियार के इस्तेमाल का लाइसेंस न पा सके।

**हथियार ट्रेनिंग अनिवार्य :** मुख्यमंत्री ने कहा कि लाइसेंस चाहने वालों को हथियार चलाने की ट्रेनिंग लेनी होगी और यह साबित करना होगा कि वे किस तरह से खतरे में हैं।

# तिहाड़ जेल में उगाही रैकेट चलाने के आरोपी नौ अधिकारियों का निलंबन और तबादला, होगी सीबीआई जांच

**दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली हाईकोर्ट को बुधवार को सूचित किया गया कि तिहाड़ जेल के नौ अधिकारियों को जेल के अंदर कैदियों के साथ मिलकर कथित तौर पर उगाही रैकेट चलाने के आरोप में निलंबित और स्थानांतरित किया गया है। मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय और न्यायमूर्ति तुषार राव गेदेला की खंडपीठ ने दिल्ली सरकार और केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को इस मामले में स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने के लिए आठ सप्ताह का समय दिया। सुनवाई को 28 अक्टूबर के लिए निर्धारित किया।



आरोप सामने आने के बाद, दिल्ली सरकार ने कहा कि उसने नौ जेल अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू की है, जिन्हें संबंधित नियमों के तहत निलंबित और स्थानांतरित किया गया है। खंडपीठ ने सरकार को निर्देश दिया कि वह तिहाड़, मंडोली और रोहिणी सहित दिल्ली की सभी जेलों में अपना परामर्श पत्र प्रसारित करें।

यह मामला पूर्व कैदी की ओर से दायर याचिका से संबंधित है, जिसमें तिहाड़ जेल के अंदर उगाही और कैदियों की सुरक्षा से जुड़े मुद्दों का आरोप लगाया गया था। खंडपीठ ने पहले सीबीआई को इन आरोपों की प्रारंभिक जांच करने का आदेश दिया था। जांच रिपोर्ट में कैदियों और जेल अधिकारियों की अवैध और भ्रष्ट गतिविधियों में संलिप्तता का संकेत मिला।

11 अगस्त को, खंडपीठ ने आरोपों को चौंकाने वाला बताते हुए सीबीआई को प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया और कहा कि इस मामले में सरकार की ओर से गंभीर विचार की आवश्यकता है। 2 मई को, दिल्ली सरकार के गृह विभाग के प्रधान सचिव को तथ्य-खोज जांच करने और तिहाड़ में प्रशासनिक और पर्यवेक्षी चूक के लिए जिम्मेदार अधिकारियों का पता लगाने का निर्देश दिया गया था। 11 अगस्त को सरकार के वकील ने खंडपीठ को सूचित किया कि विभाग को जांच पूरी करने के लिए और समय चाहिए।


याचिका में जेल अधिकारियों और कैदियों की ओर से अनियमितताओं, अवैध गतिविधियों, कदाचार और भ्रष्टाचार का आरोप लगाया गया है। याचिका में दावा किया गया कि जेल परिसर के अंदर कुछ सुविधाएं हासिल करने के लिए जेल के अंदर और बाहर के कुछ व्यक्तियों ने जेल अधिकारियों के साथ मिलकर उगाही की। खंडपीठ ने सीबीआई वकील को निर्देश दिया कि जांच न केवल जेल अधिकारियों के आचरण पर, बल्कि इसमें शामिल सभी लोगों पर, जिसमें कुछ कैदियों के रिश्तेदार और याचिकाकर्ता स्वयं शामिल हैं, केंद्रित हो। ऐसे वाहन उक्त राज्य में जाकर फिर से पंजीयन कराने के बाद सड़कों पर दौड़ते हैं। ऐसे वाहनों को दिल्ली और एनसीआर की किसी भी सीमा में प्रवेश की अनुमति नहीं है। यह प्रतिबंध अभी भी जारी रहेगा और इनके खिलाफ पुराने नियमों के आधार पर ही कार्रवाई होगी। हालांकि, इन वाहनों को जब्त नहीं किया जाएगा।

## नौकरी दिलवाने के बाद महिला से दुष्कर्म

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पश्चिम दिल्ली के मुंडका इलाके में महिला को नौकरी दिलवाने के बाद उसके साथ दुष्कर्म किया गया। वारदात के बाद आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया। पुलिस के मुताबिक मूलरूप से नेपाल निवासी पीड़िता पति से विवाद होने के बाद बैंगलूरू से दिल्ली आ गई। ट्रेन में उसकी मुलाकात युवक से हुई। बातचीत के दौरान युवक ने पीड़िता को नौकरी दिलवाने और रहने का इंतजाम करने के लिए मंजीत का नंबर दिया। महिला ने दिल्ली पहुंचकर मंजीत को कॉल किया। आरोपी ने मुंडका में उसके रहने का इंतजाम करने के अलावा उसकी नौकरी भी लगवा दी।

**डरा-धमकाकर सातवीं की छात्रा से दुष्कर्म :** नई दिल्ली। एजेंसी। रणहौला इलाके में सातवीं कक्षा की छात्रा से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस के मुताबिक मुंडका निवासी 12 साल की छात्रा के पिता पास की ही फैक्टरी में काम करते हैं। जुलाई माह में इसके पड़ोस में रहने वाले ओम प्रकाश ने डरा-धमका कर दुष्कर्म किया। शुक्रवार को फिर से आरोपी ने घर के पास ही दुष्कर्म किया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया। अब आरोपी की तलाश की जा रही है।

## अमेरिका के बाद भारत में माहौल खराब कर सकता है आतंकी पन्नू, खुफिया विभाग ने दिल्ली पुलिस को दिए इनपुट



**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका में हिंदू मंदिर की दीवारों पर खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह उर्फ पन्नू द्वारा खालिस्तानी समर्थन व भारत विरोधी नारे लिखे जाने के बाद से दिल्ली पुलिस सतर्क हो गई है। माना जा रहा है कि स्वतंत्रता दिवस पर या उससे पहले आतंकी देश का माहौल बिगाड़ने के फिराक में है। देश के खुफिया विभाग ने भी दिल्ली पुलिस को विशेष इनपुट दिए हैं। हालांकि, ऑपरेशन सिंदूर के बाद से मिले इनपुट के चलते पहले से सभी को अलर्ट रहने के लिए कहा गया है। देश की खूफिया एजेंसियों और केंद्रीय गृहमंत्रालय की ओर से मिले इनपुट के बीच स्वतंत्रता दिवस की सुरक्षा की समीक्षा को लेकर दिल्ली के नए पुलिस आयुक्त एसबीके सिंह ने बुधवार को सीनियर पुलिस अधिकारियों की उच्च स्तरीय बैठक की। पुलिस आयुक्त ने बताया कि आतंकी पन्नू ने यूएसए में स्वामी नारायण मंदिर पर भारत विरोधी नारे लिखे हैं। उसने खालिस्तानी समर्थकों से कहा है कि नारे लिखो और वीडियो बनाकर भेजो। पुलिस उपायुक्त ने सभी अधिकारियों को सुरक्षा को लेकर दिशा निर्देश दिए। पन्नू की धमकी के बाद स्कूलों, मेट्रो स्टेशन और ऐतिहासिक जगहों की सुरक्षा बढ़ी दी गई है। मरकज व गुरुद्वारों में एक अगस्त के बाद कम समय के लिए रुकने वालों पर नजर रखी जा रही है।

पन्नू अमेरिका में हिंदू मंदिर की दीवारों पर देश विरोधी नारे पहले भी लिखवा चुका है। कुछ समय पहले अमेरिका के कैलिफोर्निया में खालिस्तानियों ने हिंदू मंदिर को निशाना बनाया था। दिल्ली पुलिस के प्रवक्ता व अतिरिक्त पुलिस आयुक्त संजय त्यागी ने हाल ही में वीडियो जारी कर कहा है कि स्वतंत्रता दिवस को लेकर दिल्ली की सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह चौक चौबंद हैं। उन्होंने दिल्लीवासियों से अपील की है कि अगर वह कुछ संदिग्ध वस्तु व व्यक्ति को देखें तो इसकी पुलिस को तुरंत सूचना दें।

## गाली-गलौज का विरोध करने पर युवक को 22 बार चाकू से गोदा, हालत नाजुक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आदर्श नगर स्थित आजादपुर गांव में मंगलवार रात को गाली-गलौज का विरोध करने पर बदमाशों ने एक युवक को 22 बार चाकू से वार कर घायल कर दिया। देर रात को हुई वारदात के बाद बदहवास परिजन युवक दीपक सिंह (26) को रिक्शे में ही डालकर बाबू जगजीवन राम अस्पताल ले गए जहां से उसे बाद में निजी अस्पताल ले जाया गया। उसकी हालत अभी भी नाजुक बनी हुई है।

पुलिस के अनुसार छानबीन के दौरान पता चला है कि रात को कुछ लोग गाली-गलौज कर रहे थे। दीपक ने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने उस पर हमला कर दिया। परिजनों का आरोप है कि हमलावर नशे का धंधा करते हैं। पुलिस हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर छानबीन कर रही है। कई टीमें आरोपियों की तलाश कर रही हैं। दीपक अपने परिवार के साथ आजादपुर गांव, रेलवे रोड, पथवारी मंदिर के पास रहता है। परिवार में मां विद्या देवी, दो बड़े भाई रंजीत सिंह और भीष्म सिंह हैं। दीपक एक निजी अस्पताल में वार्ड बॉय का काम करता है। शाम के समय वह घर के पास ही अंडे की रेहड़ी लगाता है।

मंगलवार शाम को भी दीपक अंडे बेच रहा था। इस बीच कुछ युवक वहां खड़े होकर गाली-गलौज कर रहे थे। दीपक ने इसका विरोध किया तो आरोपी उससे बहस करने लगे। कहासुनी के बाद आरोपी वहां से चले गए। देर रात करीब 12ः00 बजे दीपक अपने घर जा रहा था। जैसे ही वह घर के जीने पर चढ़ने लगा अचानक आरोपियों ने उसे नीचे खींच लिया। बाद में आरोपियों ने पीछे से उसके कूल्हे, कमर, जांघ, सिर पर चाकू के 22 वार किए। दीपक सिर के बल गिर गया। चिल्लाने की आवाज सुनकर उसके परिजन नीचे पहुंचे तो दीपक को खून से लथपथ पाया। परिजन फौरन उसे बाबू जगजीवन राम अस्पताल ले गए, जहां से उसे बाद में निजी अस्पताल ले जाया गया। वहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। हरियाणा, पंजाब व चंडीगढ़ की ओर से आने वाले वाहन जिन्हें एयरपोर्ट, गुरुग्राम व जयपुर की तरफ जाना है उन्हें सिग्नल फ्री सफर मिलेगा। करीब 7,700 करोड़ रुपये की लागत से तैयार यह परियोजना निर्धारित समय से पहले पूरी हुई है। 27 फ्लाईओवर का निर्माण यूईआर-2 में 27 फ्लाईओवर, दो आरओबी, 11 अंडरपास, 27 छोटे-बड़े ब्रिज, 17 सबवे और 111 किलोमीटर की सर्विस रोड शामिल है। इस परियोजना को दिल्ली की तीसरी रिंग रोड के नाम से भी जाना जाता है।

## जाम और प्रदूषण की समस्या से मिलेगा छुटकारा, राजधानी में 16 को पीएम मोदी करेंगे यूईआर-दो का उद्घाटन

**दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी में ट्रैफिक जाम और प्रदूषण की समस्या को कम करने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 16 अगस्त को अर्बन एक्सटेंशन रोड-दो (यूईआर-दो) का उद्घाटन करेंगे। यह अत्याधुनिक एक्सप्रेसवे दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे और कुंडली-गाजियाबाद-पलवल (केजीपी) ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे को जोड़ेगा जिससे राजधानी के भीतर से गुजरने वाले भारी वाहनों को रूट मिलेगा और दिल्ली के ट्रैफिक में कमी आएगी।




करीब 76 किलोमीटर लंबे इस एक्सप्रेसवे में 6 लेन का मुख्य मार्ग और सर्विस रोड बनाई गई हैं। यह दिल्ली के बाहरी इलाकों बवाना, नरेला, बवाना इंडस्ट्रियल एरिया, रोहिणी सेक्टर-37, कंझावला, बहादुरगढ़ बॉर्डर, नजफगढ़, द्वारका और महिपालपुर को जोड़ेगा। इसे दिल्ली-हरियाणा की सीमा के साथ विकसित किया गया है ताकि भारी और वाणिज्यिक वाहन सीधे पेरिफेरल एक्सप्रेसवे से जुड़ सकें और राजधानी में प्रवेश न करें।

**दिल्ली में कम होगा प्रदूषण बचेगा समय और ईंधन :** नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) के मुताबिक, यूईआर-दो से दिल्ली के अंदर से गुजरने वाले ट्रकों की संख्या में रोजाना करीब 50 हजार की कमी आएगी। इससे न केवल यातायात जाम घटेगा बल्कि वायु प्रदूषण के स्तर में भी सुधार होगा। यात्रियों को दिल्ली के बीच से गुजरे बिना हरियाणा, राजस्थान और यूपी के शहरों की ओर तेजी से जाने का विकल्प मिलेगा। दिल्ली के पश्चिमी और उत्तरी हिस्से से आईजीआई एयरपोर्ट की दूरी भी काफी घट जाएगी। यूईआर-दो में अत्याधुनिक इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम, सीसीटीवी निगरानी, रेन वाटर हार्वेस्टिंग और आपातकालीन सहायता सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। हाईवे पर हर 2-3 किलोमीटर पर एंबुलेंस, पेट्रोलिंग और हेल्पलाइन पॉइंट होंगे।

**स्थानीय लोगों को भी मिलेगा फायदा :** दिल्ली के बाहरी इलाकों में रहने वाले लोगों को भी इसका लाभ मिलेगा। उन्हें बेहतर कनेक्टिविटी के साथ-साथ समय और ईंधन की बचत होगी। साथ ही, आसपास के इलाकों में औद्योगिक और आर्थिक गतिविधियां तेज होंगी। इसके शुरू होने से दिल्ली की सड़कों पर वाहनों का दबाव काफी कम होगा। मालवाहक वाहनों को दिल्ली की भीतरी सड़कों पर नहीं आना पड़ेगा। प्रदूषण नियंत्रित होगा साथ ही समय और ईंधन की भी बचत होगी।

## पार्टी में नशीला पदार्थ पिलाकर युवती से सामूहिक दुष्कर्म

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उत्तरी दिल्ली के सिविल लाइंस इलाके में पार्टी के दौरान युवती को नशीला पदार्थ खिलाकर सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। वारदात के दौरान आरोपियों ने पीड़िता के साथ मारपीट करने के अलावा उसकी अश्लील वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डालने की धमकी दी। बाद में उसे फ्लैट से बाहर भेज दिया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल कराया। काउंसिलिंग के बाद पुलिस ने पीड़िता के बयान पर सामूहिक दुष्कर्म का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। आरोपियों में एक युवती भी शामिल हैं।

जानकारी के अनुसार पश्चिम दिल्ली के पंजाबी बाग निवासी युवती निजी कंपनी में नौकरी करती है। पीड़िता ने बताया कि रविवार को उसकी सहेली नीतू ने उसे कॉल कर एक दोस्त कपिल के घर पार्टी पर चलने के लिए बुलाया। शाम के समय वह सिविल लाइंस स्थित कपिल के फ्लैट पर पहुंची। वहां नीतू के अलावा कपिल, आशीष व दो अन्य युवक मौजूद थे। देर रात तक सभी ने जमकर पार्टी की और शराब पी। इसी दौरान किसी ने शराब में उसे नशीला पदार्थ दे दिया। नशीला पदार्थ पीकर पीड़िता अर्ध बेहोशी की हालत में हो गई। एक आरोपी उसे बाथरूम में ले गया। वहां आरोपियों ने उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की गई। इस दौरान आरोपियों ने उसकी वीडियो बनाकर पुलिस को खबर देने पर सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दी। बाद में पीड़िता को घर के बाहर छोड़ दिया गया। पीड़िता ने वहीं से पुलिस को खबर दी। अब पुलिस सहेली नीतू समेत बाकी आरोपियों की तलाश कर रही है। टेक्निकल सर्विलांस की मदद से उनकी लोकेशन का पता किया जा रहा है। आरोपियों के परिजनों से उनके बारे में पूछताछ की जा रही है। घटना के बाद से पीड़िता डिप्रेशन में है।

## रोपपत्र दाखिल करने में देरी पर आईओ को देना होगा जुर्माना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** साकेत कोर्ट ने जांच अधिकारी (आईओ) पर 5,000 रुपये का जमानती वारंट और 10,000 रुपये का जुर्माना लगाया है। आरोप है कि उन्होंने लंबित यौन उत्पीड़न मामले में संबंधित फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) की रिपोर्ट महीनों पहले प्राप्त होने के बावजूद पूरक आरोपपत्र दाखिल नहीं किया। न्यायाधीश मोना तारडी केरकेट्टा, पीड़िता की तरफ से चाचा (फूफा), पिता और दादा पर लगाए गए आरोपों पर सुनवाई कर रही थीं। जो कथित तौर पर पारिवारिक विवाद से उत्पन्न हुए थे। घटना सितंबर 2023 में घटित हुई थी, जबकि शिकायत 14 जनवरी 2024 को दर्ज की गई थी। सभी आरोपी वर्तमान में अग्रिम जमानत पर हैं। इससे पहले 5 अगस्त को अदालत ने पाया कि एफएसएल रिपोर्ट 3 अप्रैल को पुलिस कांस्टेबल की तरफ से तैयार और एकत्र की गई थी, लेकिन बिना किसी कारण के उसे निचली अदालत को नहीं भेजा गया। आईओ के लापरवाह रवैये को देखते हुए अदालत ने एक जमानती वारंट जारी करने और आर्थिक दंड लगाने का निर्देश दिया। साथ ही, यह भी निर्देश दिया कि यदि आईओ अब संबंधित पुलिस स्टेशन में तैनात नहीं है, तो एसएचओ को जुर्माना अदा करना सुनिश्चित करना चाहिए। एक दिलचस्प मोड़ तब आया जब अदालत ने अपना आदेश पारित करने के तुरंत बाद आईओ उसी दिन दोपहर 1ः07 बजे व्यक्तिगत रूप से पेश हुए। एफएसएल रिपोर्ट और अन्य दस्तावेजों के साथ पूरक आरोपपत्र प्रस्तुत किया, जिस पर अदालत के कर्मचारियों ने विधिवत हस्ताक्षर किए। अब इस मामले में अभियोजन पक्ष की आगे की सुनवाई 18 सितंबर को होगी।

## लूटपाट के मामले में पांच नाबालिग आरोपितों को पुलिस ने पकड़ा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में उत्तर पश्चिमी जिले के महेन्द्रा पार्क थाना पुलिस ने लूटपाट के मामले में शामिल पांच नाबालिग आरोपितों को पकड़ा है। उनके कब्जे से लूटा गया मोबाइल फोन सेट और वारदात में इस्तेमाल चाकू भी बरामद कर लिया गया है। उत्तर पश्चिमी जिले के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) भीष्म सिंह ने बताया कि आदर्श नगर निवासी शिकायतकर्ता जाकिर अली ने की ओर से दी गयी शिकायत में यह बताया गया था कि पांच अगस्त की रात करीब 9 बजे जब वह आज़ादपुर सब्ज़ी मंडी की ओर जा रहे थे, तभी पांच लड़के पीछे से आए और उनका मोबाइल फोन मांगा। जब उन्होंने इंकार किया, तो दो लड़कों ने उन्हें पकड़ लिया और तीसरे ने चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। इस दौरान चौथे लड़के ने उनकी जेब से मोबाइल निकाल लिया और सभी मौके से फरार हो गए। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि पुलिस ने शिकायतकर्ता के बयान पर मामला दर्ज कर जांच शुरु की। पुलिस की टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे 20 से 25 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की गहनता से जांच की।

## भारत भ्रमण से पहले प्रधानमंत्री ओली करेंगे चीन की यात्रा

**काठमांडू, एजेंसी।** नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली एक बार फिर चीन की यात्रा पर जाने के लिए तैयार हैं। नेपाल के प्रधानमंत्री ओली को भारत भ्रमण का औपचारिक निमंत्रण देने के लिए भारतीय विदेश सचिव विक्रम मिस्री 17 अगस्त को काठमांडू पहुंचने वाले हैं। इससे पहले ओली का चीन का दौरा तय हो गया है। प्रधानमंत्री ओली 31 अगस्त से 1 सितंबर तक चीन की यात्रा पर रहेंगे। इसके बाद 16-17 सितंबर को ओली भारत भ्रमण पर रहेंगे। ओली चीन की यात्रा के दौरान संघाई कॉपरेशन ऑर्गेनाइजेशन के शिखर सम्मेलन में सहभागी होंगे। इसी सम्मेलन में भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी सहभागी होने वाले हैं। भारत एससीओ संगठन का मुख्य सदस्य है तो नेपाल डायलॉग पार्टनर के रूप में इसका सदस्य है। प्रधानमंत्री ओली के निजी सचिवालय ने उनके चीन दौरे की जानकारी दी है। चीन में ओली की अलग-अलग देशों के राष्ट्रध्यक्षों के साथ सम्मेलन से इतर बातचीत होने की संभावना है।



यह पहली बार है जब एससीओ की बैठक में नेपाल की तरफ से प्रधानमंत्री खुद प्रतिनिधित्व करने जा रहे हैं। अभी तक के एससीओ बैठक में नेपाल का प्रतिनिधित्व विदेश सचिव या आयोजक देश में नेपाल के राजदूत ही करते रहे हैं। एससीओ में भारत, रूस चीन सहित 10 देश मुख्य सदस्य हैं वहीं अफगानिस्तान और मंगोलिया इसके आब्जर्वर सदस्य के रूप में आमंत्रित होते हैं। नेपाल, श्रीलंका, यूएई, कुवैत, कतर, कंबोडिया, म्यांमार, तुर्किये, बहरीन, अजरबैजान सहित 14 देश इसके डायलॉग पार्टनर हैं। अपने इस कार्यकाल में प्रधानमंत्री ओली की यह दूसरी चीन यात्रा है। इससे पहले वो दिसंबर के पहले सप्ताह में चीन की पांच दिवसीय राजकीय यात्रा कर चुके हैं। क्वेटा में पुलिस और सरकारी दफ्तरों को बम हमलों का निशाना बनाया गया है। जियारत में हथियारबंद लोगों ने डिप्टी कमिश्नर और उनके बेटे का अपहरण कर लिया। जेहरी में पाकिस्तान के सुरक्षा बलों पर भी कई हमले हुए। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) के तहत आने वाली टस) जारी किया गया है।

## नेतन्याहू बोले- राष्ट्रपति पद छोड़ें, इस्राइल ईरान की मदद करेगा; पेजेशकियान ने गाजा का आईना दिखाया

**तेहरान, एजेंसी।** इस्राइल और ईरान के बीच बीते दिनों परमाणु कार्यक्रम को लेकर संघर्ष देखने को मिला। बात अगर वर्तमान स्थिति की करें तो दोनों देशों के रिश्ते में तल्खियां अभी भी बरकरार है। ऐसे में ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान ने बुधवार को इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के उस प्रस्ताव का मजाक उड़ाया, जिसमें उन्होंने ईरान के जल संकट को हल करने में मदद की पेशकश की थी। पेजेशकियान ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि जो शासन गाजा के लोगों को पानी और खाना नहीं देता, वह कहता है कि ईरान को पानी देगा ये सिर्फ एक मृगतृष्णा है, इससे ज्यादा कुछ नहीं।

**गाजा स्थिति पर क्या बोले ईरानी राष्ट्रपति :** तेहरान में हुई कैबिनेट मीटिंग में पेजेशकियान ने कहा कि जो लोग झूठी हमदर्दी दिखा रहे हैं, उन्हें पहले गाजा की स्थिति देखनी चाहिए। उन्होंने कहा कि गाजा के मासूम बच्चे भूख, दवाओं और साफ पानी की कमी से जूझ रहे हैं और यह सब एक क्रूर घेरेबंदी का नतीजा है।

**क्या कहा था इस्राइली पीएम नेतन्याहू ने** अब बात अगर इस्राइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के प्रस्ताव और बयान की करें तो मंगलवार को एक वीडियो संदेश में नेतन्याहू ने ईरान के लोगों से कहा था कि जब वे मौजूदा सरकार से मुक्त हो जाएंगे, तब इस्राइल ईरान की पानी की समस्या हल करने में मदद करेगा। नेतन्याहू का यह बयान कई इस्राइल मीडिया संस्थानों में प्रकाशित हुआ।

**अब समझिए संघर्ष से राजनीतिक तकरार तक का सफर :** इस्राइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू और ईरानी राष्ट्रपति पेजेशकियान के बीच की ये बयानबाजी ऐसे समय में हो रही है जब ईरान और इस्राइल के बीच हालिया सैन्य संघर्ष में हजारों लोग मारे गए थे। जून में इस्राइल के हवाई हमलों में लगभग 1,100 ईरानी नागरिकों और सैन्य अधिकारियों की मौत हुई थी, जिसके जवाब में ईरान के हमलों में 28 इस्राइली मारे गए थे।

**ईरान में गंभीर जल संकट :** बता दें कि ईरान इन दिनों गंभी जल संकट से गुजर रहा है। इसके बारे में पेजेशकियान ने हाल ही में एक बैठक में कहा था कि हमारे पास न जमीन के नीचे पानी है, न बांधों में पानी है। तो बताइए, हम करें तो क्या करें उन्होंने कहा कि यह एक गंभीर और कल्पना से परे संकट है। उनकी सरकार इस मुद्दे के समाधान के लिए विशेषज्ञों से संपर्क में है। विशेषज्ञों के अनुसार, वर्षों की सूखा और जल प्रबंधन की विफलता ने इस संकट को जन्म दिया है। ट यातायात बहुत कम है और निवासी अपने घरों में कैद हैं।इन प्रतिबंधों के बावजूद बलूचिस्तान के विभिन्न हिस्सों में सशस्त्र हमले जारी हैं। इनके निशाने वाएं शामिल हैं।

## किम जोंग उन की बहन ने खारिज किया दक्षिण कोरिया का दावा, कहा- सीमा से नहीं हटाए जा रहे लाउडस्पीकर

**सियोल, एजेंसी।** उत्तर कोरियाई तानाशाह की बहन किम यो जोंग ने दक्षिण कोरिया के दावों को खारिज कर दिया है। किम यो जोंग ने कहा कि उत्तर कोरिया अंतर-कोरियाई सीमा पर से कोई लाउडस्पीकर नहीं हटा रहा है। दक्षिण कोरिया की सेना ने दावा किया था कि उत्तर कोरिया अपने कुछ लाउडस्पीकर हटा रहा है। इससे कुछ दिन पहले दक्षिण कोरिया ने भी सीमा पर लगे अपने लाउडस्पीकर हटा दिए थे।



किम यो जोंग ने कहा कि हमें अमेरिका और दक्षिण कोरिया के साथ लंबे समय से रुकी वार्ता दोबारा शुरू करने में कोई रुचि नहीं है। उन्होंने दक्षिण कोरिया और अमेरिका के संयुक्त सैन्य अभ्यास को उत्तर कोरिया के प्रति शत्रुता का प्रमाण बताया। किम ने दक्षिण कोरियाई सरकार पर जनता को गुमराह करने का आरोप लगाते हुए कहा कि उत्तर कोरियाई लोगों ने सीमा क्षेत्र में लगे लाउडस्पीकरों को नहीं हटाया है और न ही वे उन्हें हटाने के लिए तैयार हैं। उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन के बाद उनकी बहन किम यो जोंग को बेहद ताकतवर माना जाता है। ऐसे में किम यो जोंग के बयान को उत्तर कोरियाई सरकार का आधिकारिक स्टैंड माना जा सकता है।

**दक्षिण कोरिया ने शांति बहाली की जताई उम्मीद :** इससे पहले दक्षिण कोरिया के नए उदारवादी राष्ट्रपति ली जे म्युंग ने उत्तर कोरिया के कदम की सराहना की। उन्होंने उम्मीद जताई कि कोरियाई देश धीरे-धीरे बातचीत और संचार को फिर से खोल सकेंगे। हालांकि किम यो जोंग के बयान को लेकर दक्षिण कोरिया के संयुक्त चीफ ऑफ स्टाफ के प्रवक्ता कर्नल ली सुंग जून ने कहा कि दक्षिण की सेना ने कुछ उत्तर कोरियाई लाउडस्पीकरों को हटाए जाने की पुष्टि की है। उन्होंने उत्तर कोरिया के बयानों से आसानी से प्रभावित न होने की चेतावनी दी है। उन्होंने कहा, हमेशा से ऐसा होता रहा है कि उत्तर कोरिया अक्सर ऐसे दावे करता है जो सच नहीं होते।

**हमें अमेरिका से बात करने में कोई दिलचस्पी नहीं :** किम यो जोंग ने कहा कि दक्षिण कोरियाई मीडिया कह रहा है कि उत्तर कोरिया रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच होने वाली बैठक के जरिये वॉशिंगटन को कड़ा संदेश दे सकता है। हमें अमेरिका को संदेश क्यों भेजना चाहिए उत्तर कोरिया को अमेरिका के साथ बातचीत में कोई रुचि नहीं है। वहीं उत्तर कोरिया और रूस की सरकारी मीडिया ने बुधवार को कहा कि किम जोंग उन और पुतिन ने फोन पर बातचीत कर अपने गहरे होते संबंधों और यूक्रेन के खिलाफ युद्ध प्रयासों पर चर्चा की। पुतिन ने शुक्रवार को अलास्का में ट्रंप के साथ होने वाली अपनी आगामी वार्ता के बारे में भी किम के साथ जानकारी साझा की।

**पहले भी खारिज कर चुकीं अमेरिका और दक्षिण कोरिया का दावा:** किम यो जोंग ने जुलाई में भी बयान जारी कर उत्तर कोरिया के परमाणु कार्यक्रम को खत्म करने के उद्देश्य से कूटनीति को फिर से शुरू करने की वाशिंगटन और सियोल की इच्छा को खारिज कर दिया था। हाल के महीनों में दक्षिण कोरियाई सीमा निवासियों ने शिकायत की है कि उत्तर कोरियाई लाउडस्पीकर दक्षिण कोरियाई दुष्प्रचार प्रसारणों के जवाब में जानवरों की चीखें और घंटियों की तेज आवाजें निकालते हैं। उत्तर कोरिया ने जून में अपने प्रसारण बंद कर दिए थे, जब ली ने युद्ध में रोकने का आदेश दिया था।

# विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा निकली गई तिरंगा रैली

## लोगों को राष्ट्रीय ध्वज के महत्व एवं सही उपयोग की जानकारी दी गई



**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रयाग लाल दिनकर के मार्गदर्शन में आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत चल रहे हर घर तिरंगा अभियान के तहत सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी मुकेश कुमार शिवहरे एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी मनीष कौशिक द्वारा 14 अगस्त को स्थान दक्षिण करौंदिया वार्ड नं. 09 में विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत एक भव्य रैली निकाली गई जिसमें स्थानीय नागरिकों, स्वयंसेवी संगठनों एवं अधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली के दौरान देशभक्ति के नारे लगाए गए और लोगों को राष्ट्रीय ध्वज के महत्व एवं सही उपयोग की जानकारी दी गई। इस अवसर पर प्राधिकरण के सचिव एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी ने आमजन को देशभक्ति, राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान तथा संवैधानिक कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित नागरिकों को राष्ट्रीय ध्वज के महत्व, उसके सही उपयोग और तिरंगे के प्रति आदर बनाए रखने की शपथ दिलाई गई। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी मुकेश कुमार शिवहरे ने बताया क यह अभियान केवल ध्वज लगाने का नहीं, बल्कि देश के प्रति हमारी जिम्मेदारियों और कर्तव्यों को याद दिलाने का अवसर है।

विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आमजन को यह संदेश दिया गया कि हर नागरिक को राष्ट्र के विकास में योगदान देना चाहिए और संवैधानिक मूल्यों की रक्षा करनी चाहिए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों, सवयंसेवी संगठनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## निगम आयुक्त ने रानीतालाब एवं वार्ड 38 का भ्रमण कर दिए आवश्यक सुधार के निर्देश



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे ने रानीतालाब और वार्ड क्रमांक 38 का भ्रमण कर आवश्यक व्यवस्थाओं में सुधार के निर्देश दिए। इस दौरान सिंधी कॉलोनी के पास जल निकासी की स्थायी व्यवस्था बनाने को कहा। चुनहाई कुएं के नाला निर्माण में देरी पर कड़ी नाराजगी जताते हुए निर्देश दिया कि 1 दिन के भीतर नाला निर्माण कार्य शुरू किया जाए, अन्यथा ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट करने की कार्रवाई की जाए। निगम आयुक्त ने व्याप्त गंदगी पर असंतोष व्यक्त करते हुए संबंधित वार्ड दरोगा के एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। रानीतालाब क्षेत्र का निरीक्षण करते हुए उन्होंने फुटपाथ के किनारे झाड़ियों की कटिंग, गैप फिलिंग के साथ सौंदर्यीकरण हेतु पौधारोपण और फुटपाथ पर उगी अवांछित वनस्पति हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने रानीतालाब स्थित पार्क, ओपन जिम और फूड कॉर्नर को योजना बनाकर व्यवस्थित करने तथा शीघ्र टेंडर प्रक्रिया पूर्ण कर आवश्यक सुधार कार्य कराने को कहा, ताकि आगंतुकों को कोई असुविधा न हो। इसके साथ ही, इनलेट के पास सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के भी निर्देश दिए। इस अवसर पर उपायुक्त एम. एस. सिद्दीकी, कार्यपालन यंत्री एच. के. त्रिपाठी, सहायक यंत्री पी. एन. शुक्ला, स्वास्थ्य अधिकारी बालगोविंद चतुर्वेदी, मुरारी कुमार एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## विधायक ने छात्रों व स्वच्छता मित्रों का किया सम्मान



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** त्योंथर टुनगर परिषद चाकघाट में विधायक सिद्धार्थ तिवारी राज के मुख्यातिथ्य में मेधावी छात्रों एवं स्वच्छता कर्मियों को सम्मानित किया गया। सम्मना समारोह को सम्बोधित करते हुए विधायक सिद्धार्थ तिवारी ने कहा गर्व का विषय है राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली दो महत्वपूर्ण इकाइयों का सम्मान करना गौरवपूर्ण क्षण है। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 2047 तक विराट लक्ष्य 'विकसित भारत-आत्मनिर्भर भारत' सभी के सामने है। हम सब उनके संकल्पों के साथ जुड़कर उसे अपने जीवन का हिस्सा व मंत्र बनाएंगेऔर विकसित मध्य प्रदेश के विकसित त्योंथर में अपना योगदान सुनिश्चित करे।

## परिवहन अमले की शानदार मुहिम, वाहनों में लगाया राष्ट्रीय ध्वज





**मीडिया ऑडीटर, मझगवा (निप्र)।** 79वें स्वतंत्रता दिवस के पूर्व दिवस सतना परिवहन विभाग ने देशभक्ति का अनूठा रंग बिखेरा। अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी संजय श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में सतना परिवहन चेक पॉइंट क्रमांक 01 के प्रभारी निरीक्षक सी.एस. खरे की अगुवाई में एक शानदार तिरंगा अभियान चलाया गया। इस अभियान में वाहनों पर राष्ट्रीय ध्वज लगाकर स्वतंत्रता पर्व की गरिमा को और बढ़ाया गया।

परिवहन विभाग की इस मुहिम में प्रधान आरक्षक राजऋषि तिवारी, आरक्षक मयंक अवस्थी, महिला आरक्षक सरिता यादव, सैनिक राजेंद्र बागरी, संजीव बागरी,रमेश वर्मा, नत्थू वर्मा और सहयोगी ब्रिजेंद्र सिंह व जानकी यादव ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मझगवां के गणमान्य नागरिकों जैसे पप्पू पांडे, ए.डी. तिवारी, आर.के. सोनी और अवधनरेश बड़गैया सहित कई समाजसेवियों ने भी इस पहल में सहयोग किया।

यह अभियान न सिर्फ स्वतंत्रता दिवस के उत्साह को दर्शाता है, बल्कि आम नागरिकों में राष्ट्रीय एकता और देशप्रेम की भावना को भी प्रज्वलित करता है। परिवहन विभाग की इस अनूठी पहल ने वाहनों को तिरंगे के रंग में रंग दिया, स्थानीय लोगों ने इस पहल की जमकर सराहना की।

**आरटीओ संजय श्रीवास्तव का संदेश:** आरटीओ संजय श्रीवास्तव ने कहा, स्वतंत्रता दिवस केवल एक पर्व नहीं, बल्कि हमारी एकता और गौरव का प्रतीक है। इस अभियान के जरिए हमने हर वाहन को तिरंगे से जोड़कर देशभक्ति का संदेश पहुंचाने की कोशिश की है। यह मुहिम न केवल सतना की सड़कों पर चल रहे वाहनों को तिरंगे से सजा रही है, बल्कि हर नागरिक के दिल में देशप्रेम की लौ को बढ़ा रही है।

## जोर-शोर से मनाया गया तिरंगा उत्सव

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** नगर निगम रीवा ने पूरे शहर को तिरंगे के रंग में रंगने का संकल्प लिया है । भारत सरकार के ''हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता'' अभियान के तहत नगर निगम रीवा द्वारा शहर भर में विशेष सजावट और तिरंगा स्थापना का कार्य किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत फ्लाईओवर, पार्क, ग्रीन स्पेस, लाइट पोल, प्रमुख चौराहों, सार्वजनिक भवनों और पीएम आवास के परिसर पर तिरंगा लगाया जा रहा है। नगर निगम की टीमों द्वारा शहर के विभिन्न हिस्सों में राष्ट्रीय ध्वज लगाकर सजाया जा रहा है। फ्लाईओवर के लाइट पोल को तिरंगे के रंगों से सजाया जा रहा है।

## सतना जिले के 1 लाख 43 हजार 901 किसानों को मिले 28 करोड 78 लाख रूपये

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** श्री कृष्ण भ्राता और कृषि देवता भगवान बलराम का जन्म दिवस पूरे प्रदेश में धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने मंडला में आयोजित भगवान बलराम जयंती समारोह हलधर महोत्सव में मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के तहत प्रदेश के 82 लाख से अधिक किसानों को 1671 करोड की राशि का अंतरण सिंगल क्लिक से किया। राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार में देखा गया। जिला स्तरीय हलधर महोत्सव के कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल, कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस, डिप्टी कलेक्टर बीके मिश्रा, उप संचालक कृषि आशीष पाण्डेय, अधीक्षक भू-अभिलेख एमएल तिवारी, सहायक संचालक उद्यानिकी अनिल सिंह, जनपद पंचायत सोहावल के कृषि समिति के सभापति राम सिंह, सहायक संचालक कृषि राम सिंह बागरी सहित जिले के लाभांवित किसान भी उपस्थित थे। राज्य स्तरीय कार्यक्रम से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश भर के किसानों को 1671 करोड रूपये की राशि का अंतरण किया।

## स्वतंत्रता दिवस पर टाटा नमक की आयोडीन जागरूकता मुहिम का गांवों तक विस्तार

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** पूरा देश स्वतंत्रता दिवस मनाने की तैयारी कर रहा है और ऐसे में 'देश का नमक' के नाम से प्रसिद्ध टाटा नमक, देश के हर कोने से जुड़ने के लिए अपने ऑडियो अभियान - 'नमक हो टाटा का... टाटा नमक' का विस्तार कर रहा है। टाटा नमक विशेष रूप से मानसिक विकास में आयोडीन की भूमिका पर संवाद को गांव-गांव तक पहुंचा कर अपनी प्रतिबद्धता को एक कदम आगे बढ़ा रहा है। देश का नमक अभियान डिजिटल और टेलीविज़न प्लेटफॉर्म पर पेश होने के बाद, अब प्रमुख परिवहन केंद्रों में ऑडियो एक्टिवेशन के ज़रिये ग्रामीण और कस्बाई क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति बढ़ा रहा है।

इस अभियान में टाटा नमक का जाना-पहचाना जिंगल है, जिसे चार फिल्मों के ज़रिये नए सिरे से पेश किया गया है। यह अभियान सही मात्रा में आयोडीन सेवन के महत्व को उजागर करता है, जिससे बच्चों का बौद्धिक विकास और फिर, देश की दीर्घकालिक प्रगति प्रभावित हो सकती है। आज भी देश में छोटे गांव और शहरों के लोग के लिए रेलवे एवं बस अड्डों का उपयोग आवागमन के लिए करते हैं। ऐसे में टाटा नमक का जिंगल आम लोगों तक पहुंचने



के लिए मुज़फ्फरपुर, पटना जंक्शन, हाजीपुर, आगरा, प्रयागराज, वाराणसी, लखनऊ चारबाग, इंदौर, भोपाल, इटारसी, कटनी, सतना, नासिक रोड, शोलापुर, खड़गपुर, संतरागाछी, मेचेदा सहित और भी प्रमुख स्टेशनों पर नियमित अंतराल में बजाया जा रहा है। इस तरह ब्रांड का संदेश रोज़ आने-जाने वाले उन यात्रियों तक पहुंचता है, जो पारंपरिक मीडिया से नहीं जुड़ पाते हैं।

इसके अलावा टाटा नमक महाराष्ट्र, राजस्थान जैसे राज्यों में बड़े शहरों की यात्रा करने वाले ग्रामीण लोगों तक आयोडीन जागरूकता पहुंचाने के लिए, बड़े बस अड्डों पर यही जिंगल बजा रहा है। ग्रामीण इलाकों से जुड़ने की रणनीति को और दृढ़ करते हुए, इस अभियान के तहत आयोडीन एक्सप्रेस नामक वैन एक्टिवेशन भी शुरू किया है।

## तहसीलदारों ने विधायक को सौपा ज्ञापन



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** राजस्व अधिकारियों के न्यायिक और गैर न्यायिक विभाजन के मंत्री परिषद आदेश को वापस किए जाने हेतु मध्य प्रदेश राजस्व अधिकारी संघ के रीवा जिले के तहसीलदारों के एक प्रतिनिधि मण्डल ने भाजपा विधायक सिद्धार्थ तिवारी राज के अमहियास्थित निवास में पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम सम्बोधित ज्ञापन सौंपा, जिस पर विधायक सिद्धार्थ तिवारी ने आस्वस्त किया कि उनकी मांगों से प्रदेश के मुखिया डॉ मोहन यादव को अवगत कराया जाएगा।ज्ञापन में मांग की गई है कि हाल ही में शासन द्वारा मंत्री परिषद आदेश जरिए राजस्व अधिकारियों का न्यायिक और गैर न्यायिक में विभाजन कर लगभग 1100 राजस्व अधिकारियों के केडर में से 500 राजस्व अधिकारियों को अर्थात् लगभग आधे केडर को उनके मूल कार्य राजस्व कार्यों से हटाकर अन्य विभाग के कार्य कार्यपालिक मजिस्ट्रेट (प्रोटोकॉल, डीडी, शिनाख्तगी आदि) में लगाया जा रहा है जिससे संवर्ग एवं प्रदेश के किसानों पर पर असर पड़ेगा।इस नीति के तहत एक तहसील के सभी राजस्व न्यायालयों को मर्ज कर एक न्यायालय किया जायेगा जिससे राजस्व न्यायालयों की संख्या कम किए जाने से किसानों की परेशानी कम होने की बजाय बढ़ेगी। राजस्व प्रकरण यथा नामांतरणए बंटवारा आदि की पेंडेंसी बढ़ेगी।संवर्ग द्वारा विगत कई वर्षों से राजस्व कार्यों की दक्षता बढाने हेतु तहसील में स्टॉफ यथा रीडरए ऑपरेटरए तामिल कुलंदा की कमी पूरी करने की मांग की जा रही है। उसकी पूर्ति न करते हुए शासन द्वारा न्यायालय कम किये जा रहे हैं। एवं जो है वह भी पारंगत नहीं है।इस कार्य विभाजन से फील्ड में व्यावहारिक समस्याएं उत्पन्न होगी जैसे शासकीय भूमिए निजी भूमि से अतिक्रमण हटाने रास्ता विवाद सुलझाने जैसे न्यायालयीन आदेश एक अधिकारी को पारित करने है और उनकों क्रियान्वयन दूसरे अधिकारी कराना है।लगभग 1100 राजस्व अधिकारियों में से 500 राजस्व अधिकारियों को उनके मूल कार्य राजस्व से हटाकर अन्य कार्य करवाए जाने से इनके वेतन का भार तो राजस्व विभाग पर पडेगा किन्तु इससे किसानों व जनता को कोई लाभ नहीं होगा। किसानों के हित में शासन द्वारा प्रति तहसील एक तहसीलदार और दो नायब तहसीलदार के न्यायालय संचालित करने की वर्षों से चली आ रही राजस्व व्यवस्था को यह योजना नष्ट कर रही है।सुशासन की मंशानुरूप एकल खिड़की से निराकरण हो फिर किसानों के लिए डबल खिड़की बनाना किसानों के हित के प्रतिकूल है।इतना ही नहीं न्यायिक गैर न्यायिक विभाजन से फील्ड में कानून व्यवस्था की स्थिति निर्मित होगी जिसका प्रभावी नियंत्रण न होने से भविष्य में कई समस्याएं उत्पन्न होगी।मध्य प्रदेश राजस्व अधिकारी संघ ने उक्त आदेश को वापस लेने की मांग की है।

## संस्कृत भारती द्वारा बाइक तिरंगा यात्रा में हजारों की संख्या में युवाओं ने लिया भाग, जयकारों से गूंजा पूरा शहर



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** संस्कृत सप्ताह समापन कार्यक्रम शुभ अवसर पर सिरमौर विधानसभा क्षेत्र के उमरी से तिरंगा बाइक यात्रा की शुरुआत हुई। इस दौरान बाइक तिरंगा यात्रा में विशाल संख्या में युवाओं ने उत्साह से लिया भाग। संस्कृतभारती रीवा नगर महाविद्यालय प्रमुख रितिक गौतम के नेतृत्व और मार्गदर्शन में दिव्य और भव्य तिरंगा यात्रा का शुभारंभ किया गया। यात्रा उमरी से प्रारम्भ होकर नादा, खैरहन,होते हुए संपूर्ण विधानसभा क्षेत्र से होकर यात्रा गुजरी।

कार्यकम में न.महा.वि. प्रमुख रितिक गौतम ने बताया है, कि इस तिरंगा बाइक यात्रा के दौरान युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। संस्कृतभाषा और संस्कृति से पुनः भारत विश्व गुरु बनेगा। हमे देश की अखंडता और संप्रभुता का संरक्षण करना चाहिए। भारतमाता की जय और जयतु संस्कृतम् जयतु भारतम् का उद्घोष करते हुए विशाल संख्या में सभी उपस्थित युवा साथी रहे।

समापन कार्यक्रम में मुख्यरूप से प्रणव सिंह अभिमन्यु सिंह बघेल, प्रिंस गौतम, सचिन द्विवेदी, अंकित मिश्रा मढ़ी, सत्यम त्रिपाठी, एवम् विशाल संख्या में युवाओं की उपस्थिति रही।

## घर-घर गोकुल, घर -घर गोपाल

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** श्रीकृष्ण प्राकट्योत्सव जन्माष्टमी को श्रीकृष्ण पर्व के रूप में संस्कृति विभाग मध्यप्रदेश द्वारा श्रीकृष्ण पाथेय न्यास के वैनर तले श्रीकृष्ण जन्मोत्सव प्रदेश के प्रायः प्राचीन मंदिरों में साज - सज्जा के साथ भक्ति परक सांस्कृतिक आयोजन के साथ मनाया जा रहा है। उसी कड़ी में राष्ट्रीय संगीत साधक मां जानकी चरण सेवक उत्तम पांडेय के संयोजकत्व में रामजानकी शक्तिपीठ पुरानीलंका आश्रम चित्रकूट में, व्यंकटेश मंदिर सतना में रमाकांत त्रिपाठी एवं बड़ा अखाड़ा मैहर में सौरभ चौरसिया के संयोजकत्व में पर्व आयोजित किया किया जा रहा है। मुख्यमंत्री निवास भोपाल से शुरू होगी जन्मोत्सव की पावन यात्रा निरंकुश कंस की राजसत्ता के विरुद्ध पाप की मटकी फोड़ के साथ लोकतंत्र का शंखनाद होगा। प्रदेश में 3000 से अधिक गीता भवनों के लिए भूमिपूजन, प्रदेश के होटलों को भी जन्मोत्सव मनाने हेतु प्रेरित करना शामिल है। जिससे



श्रीराम और श्रीकृष्ण राज आधारित सत्ता का आगाज हो सके।

**गांव और गोपाल के जीवन में नया सबेरा - श्रीमद जगतगुरु:** घर-घर गोकुल घर-घर गोपाल के माध्यम से प्रदेश के मनीषी मुख्यमंत्री डा मोहन यादव ने धर्म-विज्ञान के रूप में श्रीकृष्ण पाथेय न्यास के माध्यम से महत्वाकांक्षी शुरुआत की है। यह संदेश रामजानकी शक्तिपीठ आश्रम चित्रकूट पीठाधीश्वर रामानुजाचार्य श्रीमद जगतगुरु जी ने दिए। स्वामी जी ने कहा कि प्रदेश के हर जिले में गौ अभ्यारण की स्थापना हो, गीता अध्ययन शिक्षण संस्थाओं में अनिवार्य हो, श्रीकृष पाथेय और रामपथ के अनुदान एवं वरदान से पोषित संगम स्थल चित्रकूट से इसकी शुरुआत हो।

# जन आंदोलन बना मोदी का हर घर तिरंगा अभियान: वीरेंद्र गुप्ता





**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** 13 अगस्त भाजपा दीनदयाल मंडल द्वारा सिरमौर चौराहा हनुमान मंदिर से तिरंगा यात्रा शुरू होकर नगर के विभिन्न गली मोहल्ले में होते हुए अमर शहीद हेमू कल्याण चौक पर समाप्त हुई इस अवसर पर रीवा भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता ने के नागरिकों तथा पार्टी कार्यकर्ताओं से अपने-अपने घरों पर तिरंगा ध्वज लगाने का आह्वान किया। करते हुए कहा कि तिरंगा सिर्फ एक ध्वज नहीं, बल्कि यह हमारी एकता, सम्मान और गर्व का अमर प्रतीक है। इसकी शान हमेशा ऊँची रखना हम सभी का पावन कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि भाजपा एक मात्र ऐसा दल है, जिसने अपनी विचारधारा व उसूलों से कभी समझौता नहीं किया तिरंगा यात्रा में पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रवक्ता यशपाल सिंह सिसोदियाजिला के प्रभारी शशांक शेखर श्रीवास्तव नगर निगम अध्यक्ष वेंकटेश पांडे पूर्व विधायक के पी त्रिपाठी मंडल अध्यक्ष शिवम द्विवेदीरीवा नगर के सामाजिक कार्यकर्ता भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता ने भाग लिया तिरंगा यात्रा का जगह-जगह स्थानी जिन्होंने पुष्प बरसा कर स्वागत किया।

**प्रधानमंत्री ही हैं जो देश के सामने आने वाली चुनौतियों से निपटने में सक्षम हैं- जनार्दन मिश्रा:** मऊगंज भाजपा नगर द्वारा मऊगंज के हनुमान मंदिर प्रांगण से शाहिद केदारनाथ महाविद्यालय तक तिरंगा यात्रा निकाली गई जिसका नेतृत्व रीवा सांसद जनार्दन मिश्रा ने किया उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के हाथों में देश पूरी तरह से सुरक्षित है। देश में आने वाली किसी भी प्रकार की चुनौतियां हों, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश को उन चुनौतियों से निपटने में सक्षम हैं। इसलिए हम सभी को भाजपा संगठन को और मजबूत बनाने के लिए कार्य करना है, ताकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी आने वर्षों में देश की सेवा करते रहे। भारतीय जनता पार्टी ही देश का ऐसा दल है जिसकी विचारधारा कभी नहीं बदली। भाजपा ने अपने उसूलों से कभी समझौता नहीं किया। वर्ष 1952 में जनसंघ का गठन जिन उद्देश्यों के लिए हुआ था, आज तक हम उन उद्देश्यों को लेकर ही कार्य कर रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी हमेशा व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाओं को अलग रखकर राष्ट्र प्रथम की भावना से कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बनने जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार हर समाज वर्ग के कल्याण और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए कार्य कर रही है।

**कांग्रेस अंग्रेजों की बनाई पार्टी, महात्मा गांधी ने कहा था, इसको समाप्त कर देना चाहिए- डॉ राजेंद्र मिश्रा:** भाजपा मऊगंज जिला अध्यक्ष डॉक्टर राजेंद्र मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की कोई विचारधारा नहीं है। कांग्रेस आजादी से पहले अंग्रेजों का बनाया संगठन है। देश के आजाद होने के बाद राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने कहा कि कांग्रेस को अब समाप्त कर देना चाहिए। महात्मा गांधी के कहे हुए शब्दों का देश की जनता अब धरातल पर उतार रही है और कांग्रेस को एक-एक राज्य से समाप्त कर रही है। मध्यप्रदेश में कांग्रेस पार्टी अप्रासंगिक हो गई है। कांग्रेस पार्टी ने देश में आपातकाल लगाकर लोकतंत्र का गला घोंटा था। आपातकाल के समय लोकतंत्र को बचानेबड़ी संख्या में लोकतंत्र सेनानी जेल गए थे।

# गाजा में अस्पताल, मीडिया और मासूमों पर बमबारी, इजरायल के युद्ध उन्माद पर दुनिया क्यों है खामोश?

संपादकीय

दुनिया को आज जब शांति-स्थिरता और प्रगति की आवश्यकता है, तब इजराइल युद्ध उन्माद में डूबा है। कोई ज्यादा समय नहीं हुआ जब दक्षिणी गाजा के सबसे बड़े अस्पताल पर भीषण हमले में बड़ी संख्या में लोगों की मौत हो गई और बहुत सारे घायल हो गए थे। सैन्य हमलों के दौरान वह इतना खयाल रखना भी जरूरी नहीं समझता कि बम अस्पताल पर गिर रहे हैं या उन शिविरों पर जहां बच्चे-महिलाएं और बुजुर्ग शरण लिए हुए हैं।

इजराइल की निर्मम कार्रवाई का ही नतीजा है कि गाजा के नागरिक बुनियादी सुविधाओं से वंचित हो गए हैं। भोजन और दवाइयों के अभाव में बच्चे मर रहे हैं। सैन्य हमलों का जख्म इतना गहरा है कि इसकी कीमत वे नागरिक चुका रहे हैं, जिनका इस युद्ध से वास्ता नहीं। इस संदर्भ में युद्ध की सच्चाई और तबाही की तस्वीरें कुछ पत्रकार सामने ला रहे थे, तो इजराइल ने पत्रकारों को भी नहीं बख्शा है। सवाल है कि क्या इजराइल को यह फिक्र सता रही है कि युद्धग्रस्त क्षेत्र में जोखिम उठा कर काम कर रहे पत्रकारों ने अगर दुनिया को सच की तस्वीर दिखाई तो उसके लिए जवाब देना मुश्किल होगा! यह अफसोसनाक है कि शांति बनाए रखने की तमाम अपील के बावजूद इजराइल युद्ध संबंधी अंतरराष्ट्रीय कानून को भी मानने के लिए तैयार नहीं है।

युद्ध के दौरान गैरजरूरी हिंसा रोकने और इंसानियत बचाने के लिए बनाए गए इस कानून में कहा गया है कि युद्ध में नागरिकों पर हमला करना गंभीर अपराध है। इस नियम के मुताबिक अगर कोई देश किसी अस्पताल, विद्यालय या रिहाइशी इलाके पर बमबारी करता है, तो यह न केवल अनैतिक, बल्कि युद्ध अपराध भी है। ताजा हमले में मारे गए पत्रकारों ने भी एक अस्पताल के बाहर शरण लिया हुआ था। इजराइल ने पूरी निर्ममता से गाजा में पानी-बिजली, ईंधन और रसद की आपूर्ति रोकी है। यह निराशाजनक ही है कि इस तरह के अपराध पर उसे सजा देने के लिए अब तक कोई पहल नहीं हुई है।

# अति सूधो फ्रेंडशिप का मारग है

अशोक गौतम

## माई डियर अनफ्रेंड फ्रेंड! नमस्कार!

आशा है तुम हमारी बरसों पुरानी फ्रेंडशिप को भूकंपीय झटका देने के बाद स्वस्थ एवं सानंद होंगे। तुम्हारे स्वास्थ्य और सुखी राजनीति की मैं अपने दुखी होने के बाद भी कामना करता रहूंगा। मुझे पूरा विश्वास है कि एक न एक दिन तुम्हें मेरी फ्रेंडशिप का अहसास जरूर होगा।

माई डियर अनफ्रेंड फ्रेंड! कभी बचपन में पुरानी किताबों में पढ़ा था कि एक अच्छा फ्रेंड वही होता है जो समय पर काम आए। समय पर साथ दे। पर लगता है, नए दौर की फ्रेंडशिप में यह मुहावरा अब पुराना हो गया है। अब तो तुमसे फ्रेंडशिप करके यही लग रहा है कि एक अच्छा फ्रेंड वही जो अपना काम निकाल आगे हो जाए।

माई डियर अनफ्रेंड फ्रेंड! मुझे दुख इस बात का नहीं कि तुमने फ्रेंड होते भी मुझे अपना फ्रेंड नहीं समझा। मुझे दुख इस बात का है कि तुमने फ्रेंड होने के बाद भी फ्रेडशिप पर जुर्माना लगाया। पर मैं तुम्हें विश्वास दिलाता हूं कि मैंने तुम्हें कदम कदम पर अपना फ्रेंड नहीं, सच्चा फ्रेंड माना है। मुझे क्या पता था कि मौका मिलने पर एक दिन तुम सच्चे फ्रेंड की जगह गच्चे फ्रेंड निकलोगे?

माई डियर अनफ्रेंड फ्रेंड! फ्रेंडशिप का मतलब अधीनता नहीं होती। फ्रेंडशिप का मतलब फ्रेड पर एकाधिकार नहीं होता। फ्रेंडशिप का मतलब एक दूसरे के प्रति समर्पण होता है, प्यार होता है। तुम पता नहीं फ्रेंडशिप की कौनसी पाटी पढ़े हो कि फ्रेंडशिप के मार्ग में जब भी चले टेढ़ी चाल ही चले। तुमने जब भी बंदूक चलाई फ्रेंडों के कंधे पर रखकर ही चलाई। पर मैं चुप रहा। तुम मेरे फ्रेंड जो थे। जबकि हे माई डियर अनफ्रेंड फ्रेंड! मैं उस देश के वासी हूं जहां, अति सूधो फ्रेंडशिप का मारग है, जहां नेक सयानप बांक नहीं। तहां सांचे चलें तजि आपुनपौ झुझुकै कपटी जे निसांक नहीं। ट्रंपानंद प्यारे सुजान सुनौ यहां एक ते दूसरौ आंक नहीं। तुम कौन धौं पाटी पढ़े हौ कहौ मन लेहु पै देहू छटांक नहीं।

माई डियर अनफ्रेंड फ्रेंड! तुम्हारे इस सुजान व्यवहार से मत पूछो मेरा मन कितना आहत है? मानता हूं फ्रेंड! राजनीतिक फ्रेडशिपों में उतार चढ़ाव आते रहते हैं, शेयर बाजार की तरह। पर फ्रेंडशिप के शेयर बाजार कुमद नहीं हो जाया करते डियर फ्रे्ड!

माई डियर अनरफ्रेंड फ्रेंड! कल तक तुम जिस मेरे पड़ोसी को कोसते नहीं थकते थे, आज उसे ही अपनी गोद में बैठाए हो, यह किस तरह की फ्रेंडशिप का उदाहरण पेश कर रहे हो माई डियर अनफ्रेंड फ्रेंड! आह रे अनफ्रेंड फ्रेंड! तुम गले मुझे लगाते रहे और पीठ उसकी थपथपाते रहे। तुम उल्लू अपने फ्रेंड को बनाते रहे और हलुआ पुड़ी उसको खिलाते रहे।

माई डियर अनफ्रेंड फ्रेंड! सब कर तुम ये फ्रेंडशिप की कौन सी मिसाल पेश कर रहे हो डियरय इधर मैं तुम्हारी सोए सोए भी तारीप करता रहा और उधर तुम मुझ पर टैरिफ पर टैरिफ लगाते रहे। तारीफ का अंग्रेजी में अर्थ टैरिफ नहीं होता मेरे फ्रेंड! तारीफ का बदला टैरिफ नहीं हुआ करता माई डियर फ्रेंड! तुम ये दोस्ती की कौनसी नई परिभाषा गढ़ रहे हो हे माई डियर अनफ्रेंड फ्रेंड!

माई डियर अनफ्रेंड फ्रेंड! अब फ्रेंडशिप में तुम जो चाहो सो चाहो! पर मैं तो चाहता हूं कि पूरा विश्व ही फ्रेंड बन जाए माई डियर अफ्रेंड फ्रेंड! अपने यहां तो फ्रेंडशिप की यही रीत है फ्रेंड! भले ही इसे तुम झूठ समझना माई डियर बीयरेबल अनबीयरेबल अनफ्रेंड फ्रेंड!

> आज हम दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र हैं, हमारी अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है, विज्ञान और तकनीक में नए मुकाम हासिल हो रहे हैं। मेट्रो ट्रेन, डिजिटल पेमेंट, सैटेलाइट मिशन और वैश्विक मंच पर बढ़ता प्रभाव हमें गर्व से भर देता है। लेकिन इस चमक के पीछे एक सच छुपा है– हमारी आज़ादी अब भी अधूरी है। यह अधूरापन केवल गरीबी या बेरोज़गारी का नहीं, बल्कि सोच, व्यवस्था और व्यवहार में गहरे बैठी असमानताओं का है। हमारे यहां लोकतंत्र का मतलब अक्सर सिर्फ़ चुनाव रह गया है। हर पाँच साल में वोट डालने को ही हम अपनी भागीदारी मान लेते हैं, लेकिन उसके बाद नेता और जनता के बीच एक अदृश्य दूरी बन जाती है।

# स्वतंत्रता का अधूरा आलाप

**आज़ादी केवल तिथि नहीं, एक निरंतर संघर्ष है। यह सिर्फ़ झंडा फहराने का अधिकार नहीं,**

**बल्कि हर नागरिक को समान अवसर और सम्मान देने की जिम्मेदारी है।**

**जब तक यह जिम्मेदारी पूरी नहीं होती, हमारी स्वतंत्रता अधूरी है।**

डॉ. प्रियंका सौरभ

15 अगस्त 1947 को हमने विदेशी शासन की बेड़ियों को तोड़ दिया था। तिरंगे की फहराती लहरों में वह रोमांच था, जो सदियों की गुलामी और अत्याचार के बाद जन्मा था। हर चेहरे पर एक ही उम्मीद थी–अब अपना देश अपनी मर्ज़ी से चलेगा, अब हर नागरिक को बराबरी का हक़ मिलेगा, अब हम अपने भविष्य के निर्माता होंगे। लेकिन आज़ादी के 78 साल बाद यह सवाल कचोटता है–क्या वह सपना पूरा हुआ?

आज हम दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र हैं, हमारी अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है, विज्ञान और तकनीक में नए मुकाम हासिल हो रहे हैं। मेट्रो ट्रेन, डिजिटल पेमेंट, सैटेलाइट मिशन और वैश्विक मंच पर बढ़ता प्रभाव हमें गर्व से भर देता है। लेकिन इस चमक के पीछे एक सच छुपा है–हमारी आज़ादी अब भी अधूरी है। यह अधूरापन केवल गरीबी या बेरोज़गारी का नहीं, बल्कि सोच, व्यवस्था और व्यवहार में गहरे बैठी असमानताओं का है।



हमारे यहां लोकतंत्र का मतलब अक्सर सिर्फ़ चुनाव रह गया है। हर पाँच साल में वोट डालने को ही हम अपनी भागीदारी मान लेते हैं, लेकिन उसके बाद नेता और जनता के बीच एक अदृश्य दूरी बन जाती है। जनता शिकायत करती है, सरकार सफ़ाई देती है, और इसी बहाने असली मुद्दे पीछे छूट जाते हैं। आज़ादी का असली मतलब यह है कि सत्ता का केंद्र नागरिक हो, और उसकी आवाज़ सिर्फ़ चुनावी भाषणों में नहीं, नीतियों और फैसलों में भी सुनी जाए।

हम तकनीक के युग में जी रहे हैं। इंटरनेट और सोशल मीडिया ने बोलने की आज़ादी को अभूतपूर्व विस्तार दिया है। लेकिन इसी आज़ादी का दुरुपयोग भी बढ़ा है–झूठी खबरें, नफ़रत फैलाने वाले संदेश, और डिजिटल विभाजन ने समाज में नई खाइयाँ बना दी हैं। आज़ादी तभी सार्थक है जब अभिव्यक्ति जिम्मेदारी के साथ हो, और डिजिटल स्पेस का इस्तेमाल जागरूकता और प्रगति के लिए किया जाए, न कि भड़काने और बांटने के लिए।

आर्थिक मोर्चे पर भारत ने लंबी दूरी तय की है, लेकिन यह सफ़र सबके लिए एक जैसा नहीं रहा। एक ओर हम अरबपतियों की संख्या में दुनिया में आगे हैं, तो दूसरी ओर करोड़ों लोग अब भी रोज़गार, भोजन और इलाज के लिए संघर्ष कर रहे हैं। महानगरों की ऊँची-ऊँची इमारतों की छाया में झुग्गियों की ज़िंदगी किसी को दिखाई नहीं देती। सच्ची आर्थिक स्वतंत्रता का मतलब है कि हर नागरिक को अपनी मेहनत के दम पर जीवन सुधारने का अवसर मिले, और बुनियादी जरूरतों के लिए वह किसी के रहम पर न हो।

सामाजिक स्तर पर भी चुनौतियाँ कम नहीं हैं। जाति, धर्म और लिंग के आधार पर भेदभाव आज भी हमारे समाज में गहराई से मौजूद है। महिलाओं को शिक्षा, रोजगार और सुरक्षा में बराबरी का अधिकार कागजों पर है, लेकिन हकीकत में वे आज भी असमान अवसरों और हिंसा का सामना करती हैं। यह विडंबना है कि एक ओर हम मंगल पर पहुँचने की तैयारी कर रहे हैं, और दूसरी ओर लड़कियों की शिक्षा को बोझ समझने वाले विचार अब भी जिंदा हैं।

शिक्षा आज़ादी की असली नींव है। लेकिन हमारे यहां शिक्षा की गुणवत्ता और पहुंच दोनों में भारी असमानता है। महानगरों के निजी स्कूल और ग्रामीण इलाकों के जर्जर सरकारी स्कूल एक ही देश के हिस्से हैं, लेकिन दोनों की दुनिया अलग है। बिना मजबूत और समान शिक्षा व्यवस्था के हम एक जागरूक और सक्षम नागरिक समाज नहीं बना सकते, और बिना ऐसे समाज के लोकतंत्र भी मजबूत नहीं हो सकता।

स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी हालात चुनौतीपूर्ण हैं। कोविड-19 महामारी ने हमारी व्यवस्था की कमजोरियों को उजागर कर दिया। बड़े-बड़े अस्पताल शहरों में हैं, लेकिन छोटे कस्बों और गांवों में बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाएं भी सपना हैं। स्वतंत्रता का मतलब यह भी है कि कोई नागरिक इलाज की कमी से अपनी जान न गंवाए, और स्वास्थ्य सेवाएं केवल पैसे वालों के लिए न हों।

आज के दौर की सबसे बड़ी चुनौती है–मानसिक गुलामी। हम में से कई लोग आज भी परंपराओं, अंधविश्वासों और पूर्वाग्रहों की जंजीरों में बंधे हैं। बदलाव को अपनाने के बजाय हम अक्सर उसे खतरा मान लेते हैं। असली आज़ादी तब होगी जब हम सोचने, सवाल पूछने और नई राह अपनाने से नहीं डरेंगे।

पर्यावरण संकट भी हमारी स्वतंत्रता से जुड़ा हुआ मुद्दा है। अगर हवा, पानी और मिट्टी जहरीली होती जाएगी, तो नागरिक का स्वस्थ जीवन जीने का अधिकार भी खोखला हो जाएगा। विकास और पर्यावरण संतुलन के बीच सामंजस्य बैठाना आज के भारत के लिए अनिवार्य है।

स्वतंत्रता केवल अधिकार लेने का नाम नहीं, बल्कि कर्तव्य निभाने का भी है। हम ट्रैफ़िक सिग्नल तोड़ते हैं, टैक्स चोरी करते हैं, सफाई की अनदेखी करते हैं, और फिर भ्रष्टाचार व अव्यवस्था पर सवाल उठाते हैं। अगर नागरिक अपने कर्तव्य निभाने में ईमानदार नहीं होंगे, तो शासन भी ईमानदार नहीं हो सकता।

भारत की ताकत उसकी विविधता है। लेकिन यही विविधता हमारे लिए खतरा भी बन सकती है, अगर हम एक-दूसरे को केवल जाति, धर्म या भाषा के चश्मे से देखें। आज के दौर में हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है कि हम एक-दूसरे की पहचान का सम्मान करें और मतभेदों को दुश्मनी में न बदलने दें।

अब वक्त है कि हम स्वतंत्रता को केवल ऐतिहासिक घटना की तरह न मनाएं, बल्कि इसे एक सतत जिम्मेदारी की तरह जिएं। यह जिम्मेदारी सिर्फ़ सरकार की नहीं, हर नागरिक की है। हमें राजनीति में पारदर्शिता, न्यायपालिका में स्वतंत्रता, मीडिया में निष्पक्षता और समाज में समानता सुनिश्चित करनी होगी।

आज के भारत को ऐसी स्वतंत्रता चाहिए जिसमें हर बच्चा बिना डर और भेदभाव के स्कूल जाए, हर युवा को अपनी मेहनत के दम पर अवसर मिले, हर महिला सुरक्षित महसूस करे, हर बुज़ुर्ग को सम्मान और देखभाल मिले, और हर नागरिक अपने विचार स्वतंत्र रूप से व्यक्त कर सके। यही वह भारत होगा जिसके लिए हमारे पूर्वजों ने बलिदान दिया था।

राजनीतिक आज़ादी हमारी यात्रा की शुरुआत थी, लेकिन मंज़िल अभी बाकी है। जब तक हम असमानता, भेदभाव, गरीबी, और अज्ञानता को खत्म नहीं करेंगे, तब तक हमारी स्वतंत्रता का आलाप अधूरा ही रहेगा। इस अधूरेपन को पूरा करना हमारी पीढ़ी की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है–क्योंकि आने वाले भारत की पहचान हमारे आज के फैसलों से तय होगी।

# राष्ट्रीय पर्व देश की अस्मिता का परिचायक

> **इन शहीदों के आजादी के प्रति योगदान को अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। भारत की स्वतंत्रता के लिये सुभाष चंद्र बोस, लाल बहादुर शास्त्री, सरदार पटेल, रफीक अहमद, डॉ. राम मनोहर लोहिया जैसे सेनानियों का नाम अमर हो गया। महान नेताओं के इस महान देश में आज भी उनके नाम पर नगर, कस्बे और सड़कें बने हुये है। स्वाधीनता दिवस पर इन्ही नेताओं की कुर्बानियों का स्मरण कर स्वाधीनता संग्राम के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाती है।**

सुरेश सिंह बैस शाश्वत

भारत के लिये अगस्त का महीना अति महत्वपूर्ण माना जाता है। इसी माह में 15 अगस्त स्वाधीनता दिवस के रुप में मनाया जाता है। इसके लिये असंख्य लोगों ने अपने जीवन का त्याग व बलिदान किया था। इन शहीदों के आजादी के प्रति योगदान को अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। भारत की स्वतंत्रता के लिये सुभाष चंद्र बोस, लाल बहादुर शास्त्री, सरदार पटेल, रफीक अहमद, डॉ. राम मनोहर लोहिया जैसे सेनानियों का नाम अमर हो गया। महान नेताओं के इस महान देश में आज भी उनके नाम पर नगर, कस्बे और सड़कें बने हुये है। स्वाधीनता दिवस पर इन्ही नेताओं की कुर्बानियों का स्मरण कर स्वाधीनता संग्राम के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाती है। इतना बड़ा राष्ट्रीय पर्व जनता का त्यौहार नहीं बन पा रहा है। होली, रक्षाबंधन, दीपावली, क्रिसमस और ईद नहीं बन पा रहा है। दिल्ली सहित प्रदेश की राजधानियों के कार्यक्रम, जिलों के ब्लाक, ग्रामों के कार्यक्रमों में जो लोग भी शामिल होते हैं, उनमें से अधिकतर ऐसे होते हैं जो बस इस इंतजार में रहते हैं कि कब औपचारिकताएं पूरी हों और घर जाकर छुट्टी मनाएं। जिन शहरों और देहातों के लिये दूरदर्शन पुराना हो चला है, वहां के आम लोगों को भी इसे देखने और मनाने में कोई उल्लास नहीं रह गया है। इस दिन सरकारी प्रतिबंध न हों तो बाजार भी खुल जाते और लोग काम धन्धों में भी लगे रहते।



आखिर इस विरोधाभास की कि वजह क्या है? हमारा स्वाधीनता (स्वतंत्रता) दिवस तफरीह के लिये तय किया गया मेला भी नहीं है, जिसके साथ हम भावनात्मक रुप से न जुड़ सकें। इस दिन को पाने के लिये हमने अंग्रेजों से शताधिक वर्षो तक संघर्ष किया है। इस राह में हमारे कितने महापुरुषों ने धर्म जाति से ऊपर उठकर अंग्रेजों की यातनाएं सहीं है, खून बहाया है, जान की कुर्बानियां दी है। वस्तुतः इसका उत्तर खोजने के लिये हमें बहुत दूर नहीं जाना पड़ता, कुछ पीछे जाने पर ही इसके प्रति लोगों की उदासीनता का कारण ज्ञात हो जायेगा। बल्कि यह भी ज्ञात हो जायेगा। जिससे पर्व को नया अर्थ मिल सके।

मूलतः इस राष्ट्रीय पर्व के प्रति लोगों की उदासीनता का कारण इस पर्व के साथ जुड़े आडम्बर एवं प्रपंच है। प्रपंच जब तक जीवन के किसी सूत्र से जुड़े रहते हैं तब तक जनमानस को आकर्षित करते हैं, जहां उनका रिश्ता जीवन से टूटा, वे बेजान हो जाते हैं। फलतः वे ढोये जाते हैं। बस यही कुछ किसी हमारे स्वाधीनता दिवस के आडम्बर का भी है। इस दिन हमारे लीडरों द्वारा उपलब्धियों का डंका पीटा जाता है। विकास के स्वप्न दिखाये जाते हैं। देश की सुरक्षा और शक्ति का गुण गान किया जाता है। जबकि यह बात किसी से नहीं छिपी है कि देश की अखण्डता किस कदर खतरे में है। उत्तर पश्चिम से पूर्वोत्तर तक सारी सीमाएं असुरक्षित हैं। ऐसी स्थिति में कोई भी आश्वासन आश्वस्त नहीं कर सकते, जब तक सीमाओं और राष्टीय अखंडता और शांति की गारंटी नहीं मिल जाती।

बच्चों की संचालित गतिविधियां भी झूठी लगती हैं, क्योंकि हम इसके प्रति ही आश्वस्त नहीं हैं कि हमारे बच्चे बड़े होकर रोजी रोटी का भी इंतजाम कर पायेंगे। यह बात तो सहज ही है कि जिसका जन्मदिन है, वही बुरी तरह बीमार हो तो उसके जन्मदिन को कैसे उल्लासपूक मनाया जा सकता है। हमारे धार्मिक त्यौहारों के साथ यही खास बात है। कि वे विरोधाभास खड़ा नहीं करते। वे मनाए ही ऐसे मौसम में जाते हैं जब खेतों में फसल लहलहा रही होती है अथवा धानं खलिहानों से घरों में पहुंच रहा होता है। अतः स्वाधीनता दिवस के दिन उक्त आडंबरों को छोड़ इसे राष्ट के मूल्यांकन दिवस के रुप में याद करें और इस दिन उन चुनौतियों का सामना करने की रणनीति तैयार करें जो देश पर मंडरा रही है।

# विभाजन स्मृति दिवस के अवसर पर मौन जुलूस

## जय स्तम्भ में श्रृद्धांजली अर्पित कर भाजपा कार्यालय अटल कुंज में संगोष्ठी का आयोजन हुआ





**मीडिया ऑडीटर, रीवा ( निप्र )।** 14 अगस्त, 1947 को आज के दिन ही विभाजन के कारण लाखों परिवार को अलग कर उजाड़ दिया गया था, अब भी उस दर्द को महसूस किया जाता है। जब बट गये थे देश के तार व धड़कनों के सपने आज के दिन ही लोग बिछड़ गये थे। जिसको लेकर के भाजपा द्वारा उन शहीदों व बलिदानियों को याद कर श्रृद्धांजली अर्पित की गई व मौन जुलूस निकाला गया, जिन्होंने अपने प्राणों का परित्याग करने के बाद भी अपने धर्म को नही छोड़ा। सनातन धर्म के सजग प्रहरी रहे। उनकी याद में विभाजन विभीषिका दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर पदमधर पार्क से लेकर भाजपा कार्यालय अटल कुंज तक मौन जुलूस निकाल कर उन बलिदानियों को याद किया गया। मौन जुलूस में प्रमुख रूप से सांसद जनार्दन मिश्रा का मुख्य आतिथ्य रहा व अध्यक्षता जिलाध्यक्ष भाजपा वीरेन्द्र गुप्ता ने की। इस मौन जुलूस के अवसर पर जय स्तम्भ चौक में सांसद जनार्दन मिश्रा, जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता, नगर निगम अध्यक्ष व्यंकटेश पाण्डेय द्वारा हजारो कार्यकर्ताओं के साथ श्रृद्धांजली अर्पित की गई एवं वीर शहीदों के नाम पर दीप जलाकर एवं पुष्प अर्पित कर नमन किया गया।

इस संगोष्ठी में सांसद जनार्दन मिश्रा ने अपने उद्बोधन में कहा कि 1947 में भारत के विभाजन के कारण इतिहास में सबसे बड़ा विस्थापन हुआ, जिसमें 1.5 करोड़ से अधिक लोग अपने पुस्तैनी घर द्वार छोड़ने के लिए मजबूर हो गये थे। हजारो माताओं बहनों के साथ आज के दिन ही बलात्कार हुआ था उनका अपहरण किया गया था। जबरन धर्म परिवर्तन कराया गया था। आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के कारण हमलोग सुरक्षित है और विभाजन स्मृति दिवस के रूप में आज उन बलिदानियों को 15 अगस्त के अवसर पर याद कर रहे है ये हमारे लिए गौरव की बात है। यह विभाजन स्मृति दिवस दिवस हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा 15 अगस्त 2021 को यह दिवस मनाने की घोषणा की गई थी और 14 अगस्त विभाजन स्मृति दिवस के रूप में मनाया जाता है।

इस संगोष्ठी के अवसर पर लोकप्रिय जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता ने उन बलिदानियाकें को याद करते हुए कहा कि आज वह दिन है जिस दिन महिलायें गहरे मानसिक व सामाजिक घाव लेकर अपना जीवन यापन कर रही थी। समाज ने उन्हें चुप करा दिया और आज के दिन ही उन महिलाओं की कहानी इतिहास से मिटा दी गई थी। दशकों तक यह दर्दनाक कहानियां न बोली गई न लिखी गई है, न सरकारी स्मृति का हिस्सा बनी है। आज के दिन लाखों भारतियों का धर्म परिवर्तन करा कर जान से मार दिया गया था। पूरे देश मे हाहाकार मच गया। इस बटवारें के कारण 1947 में पकिस्तान में हिन्दू और सिख लगभग 15-20 प्रतिशत थे जो अब मात्र 2 प्रतिशत से भी कम हो गये है। यह पतन संगठित उत्पीड़न, जबरन धर्म परिवर्तन, भेदभाव और हिंसा के कारण हुआ है। विभाजन हमें याद दिलाता है कि अलगवाद, साम्प्रदायिकता और तुष्टीकरण की राजनीति कितनी घातक होती है। कांग्रेस ने यह नफरत और ध्रुवीकरण फैलाया है। कांग्रेस के नेतृत्व में ही भारत का विभाजन हुआ है। कांग्रेस ने 70 साल तक विभाजन पीड़ितों को सम्मान नही दिया। हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने सराहनीय कदम उठाते हुए यह विभाजन स्मृति दिवस के रूप में उन पीड़ित भारतियों को याद करते हुए मानवीय परिणामों के साथ हर मदद करने का संभव प्रयास किया है जो सराहनीय है।

आज के इस संगोष्ठी कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम संयोजक विवेक गौतम ने किया और आभार प्रदर्शन अशोक सिंह गहरवार ने किया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि उपस्थित रहे जिन्होंने विभाजन विभीषिक के समय पीड़ा, दर्द व अत्याचार सहा है विशेष रूप से हुकूमतराय होतवानी एंव सुदामालाल सचदेवा कि उपस्थिति रही, जिनका सांसद जनार्दन मिश्रा जी व जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता जी द्वारा अभिनन्दन व सम्मान किया गया।

आज के संगोष्ठी के इस अवसर प्रमुख रूप से मनगवां विधायक नरेन्द्र प्रजापति, पूर्व जिलाध्यक्ष कमलेश्वर सिंह, विद्या प्रकाश श्रीवास्तव, डॉ. अजय सिंह, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी अनिल पटेल, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेन्द्र पाण्डेय, पूर्व विधायक पंचूलाल प्रजापति, कार्यक्रम सह संयोजक शरद साहू, वरिष्ठ नेता राम सिंह, राजेन्द्र ताम्रकार, श्रीमती विमलेश मिश्रा, महाबली गौतम, जिला महामंत्री ममता गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष उमाशंकर गुप्ता, मनीषा पाठक, प्र्बोध व्यास, सियाशरण साकेत, राकेश सिंह, मंडल अध्यक्ष शिवम द्विवेदी, साधना गुप्ता, सुमन शुक्ला, कल्पना श्रीवास्तव, मुक्ति राय, प्रकाश सोनी, मनीषचन्द्र शुक्ला, नरेन्द्र शर्मा, तीरथ गुप्ता, राजगोपाल चारी, राजेन्द्र त्रिपाठी, दयानन्द तिवारी, सत्यप्रकाश पाण्डेय, महेन्द्र त्रिपाठी, राहुल मिश्रा, वीरेश पाण्डेय, संजय मिश्रा, राजेश सिंह, पार्षद समीर शुक्ला, अम्बुज रजक, राजीव शर्मा, वासुदेव ठारवानी, बुद्धसेन नापित, सुनील सोहगौरा, केडी शुक्ला, कौशलेश तिवारी, प्रेमप्रकाश पाण्डेय, नजमा बेगम, कमल सोनी, कमलेश सचदेवा, संजीव गुप्ता, जय सिंह, मोहित गुप्ता, रामऔतार दाहिया बल्ले, पुष्पेन्द्र मिश्रा, आदि हजारों संख्या में उपस्थित रहे।

## नगर निगम द्वारा शहर में निकाली विशाल तिरंगा यात्रा



**मीडिया ऑडीटर, सतना ( निप्र )।** राज्य शासन के निर्देशानुसार 2 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग अभियान चलाया जा रहा है। गुरूवार को नगर पालिक निगम सतना द्वारा शहर में विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई। महापौर योगेश ताम्रकार और नगर निगम अध्यक्ष राजेश चतुर्वेदी ने हरी झण्डी दिखाकर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व्यंकट क्रमांक-2 के मैदान से रैली को रवाना किया। हाथों में तिरंगा थामे, भारत माता की जय और झण्डा ऊंचा रहे हमारा जैसे देशभक्ति के नारे लगाते हुए सभी लोग स्टेशन रोड, सिटी कोतवाली तिराहे होते हुए शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व्यंकट क्रमांक-1 के मैदान में पहुंचे। यहां तिरंगा यात्रा का समापन किया गया।

यात्रा के समापन उपरांत महापौर योगेश ताम्रकार द्वारा उपस्थित जनसमुदाय को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। इस मौके पर नगर निगम आयुक्त शेर सिंह मीना, डिप्टी कमिश्नर सत्यम मिश्रा, खेल अधिकारी एसपी तिवारी, नगर निगम के सभी शाखाओं के अधिकारी-कर्मचारी सहित बडी संख्या में शहरवासी तिरंगा यात्रा में शामिल हुए।

## जिले के 68 हजार 723 किसानों को मिले 13 करोड 74 लाख 46 हजार रूपये

**मीडिया ऑडीटर, मैहर ( निप्र )।** बलराम जयंती और हलधर महोत्सव पर मैहर जिले में भी किसानों के कल्याण की अनेक गतिविधियां आयोजित की गई। मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के तहत प्रदेश के 82 लाख से अधिक किसानों को 1671 करोड की राशि मंडला जिले के राज्य स्तरीय समारोह से अंतरित की गई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा राज्य स्तरीय कार्यक्रम से किसानों को अंतरित की राशि में मैहर जिले के 68 हजार 723 किसानों के खाते में 13 करोड 74 लाख 46 हजार रूपये की राशि योजना की किश्त के रूप में पहुंची। मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के तहत लाभांवित किसानों को 3 समान किश्तों में वर्ष भर में 6 हजार रूपये की राशि दी जाती है। द्वितीय किश्त के रूप में 2 हजार रूपये की राशि किसानों की दी गई। राज्य स्तरीय समरोह का मंडला से सीधा प्रसारण मैहर जिले में कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी कक्ष में देखा गया। इस मौके पर मैहर एनआईसी में कलेक्टर रानी बाटड, अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह, एसडीएम विकास सिंह सहित लाभांवित किसान उपस्थित रहे।

## उप मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को दी स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएँ

**मीडिया ऑडीटर, रीवा ( निप्र )।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं। उन्होंने कहा कि यह पावन अवसर हमें महान स्वतंत्रता सेनानियों की याद दिलाता है, जिन्होंने अपनी वीरता और अदम्य साहस से, अपने प्राणों की आहुति देकर देश की स्वतंत्रता के लिए लंबा संघर्ष किया।

उनके बलिदानों के परिणामस्वरूप हमारा देश स्वतंत्र हुआ। आज का दिन उन सभी अमर शहीदों और वीर सेनानियों के चरणों में नमन करने का दिन है। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि आज हमारा देश आजादी के अमृत काल में प्रवेश कर चुका है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दिया गया स्वदेशी का मंत्र 'मेक इन इंडिया, वोकल फॉर लोकल' हम सभी को तेजी से अपनाना होगा। देश आर्थिक महाशक्ति बनने की राह पर है और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का समृद्ध भारत का संकल्प साकार हो रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश अपने लक्ष्य के करीब है।

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि आजादी के अमृत काल में अधोसंरचना, प्रति व्यक्ति आय, गरीबों के लिए आवास, स्वास्थ्य सुरक्षा सहित अनेक योजनाएं धरातल पर उतर चुकी हैं। भारत आर्थिक रूप से दुनिया में चौथे स्थान पर है और शीघ्र ही जर्मनी को पीछे छोड़कर तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है। वर्ष 2047 में, जब आजादी के 100 वर्ष पूरे होंगे, भारत न केवल आर्थिक महाशक्ति होगा, बल्कि विश्व का नेतृत्व भी करेगा।

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने प्रदेशवासियों से आह्वान किया है कि वे वोकल फॉर लोकल और मेड इन इंडिया को अपनाएं, स्वदेशी उत्पादों का उपयोग करें तथा ऊर्जा संरक्षण, वृक्षारोपण, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में सक्रिय योगदान दें। स्वतंत्रता दिवस हमारे संकल्पों को मजबूत करने का दिन है, चाहे हम किसी भी क्षेत्र में हों, हमें देशहित के कार्यों में निरंतर सक्रिय रहना चाहिए।

### हर घर तिरंगा अभियान में बनाई गई विशाल मानव श्रृंखला

## हर व्यक्ति गर्व के साथ अपने घरों में तिरंगा फहराएं : सांसद

**मीडिया ऑडीटर, रीवा ( निप्र )।** हर घर तिरंगा अभियान तथा हर घर स्वच्छता अभियान के तहत स्पोर्ट्स काम्पलेक्स रीवा में विशाल मानव श्रृंखला बनाई गई। इसके माध्यम से देश की एकता और देश के विकास में सहयोग का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद श्री जनार्दन मिश्र ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान में हर व्यक्ति गर्व के साथ अपने घरों में तिरंगा फहराए। तिरंगा राष्ट्र के गौरव और सम्मान का प्रतीक है। देश की आजादी के समय इसी तिरंगे को लेकर चलने पर अंग्रेजों द्वारा गोली मार दी जाती थी। आजादी के बाद भी केवल गिनेचुने सरकारी भवनों में ही तिरंगा फहराया जाता था। अब हर व्यक्ति शान से अपने घरों में तिरंगा फहरा सकता है। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हर घर तिरंगा अभियान को स्वच्छता अभियान से जोड़ा है। प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा से देश भर में लगातार चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान से कार्यालय, सार्वजनिक स्थल और ग्रामों तथा नगरों में स्वच्छता का वातावरण निर्मित हुआ है। हम सब भी अपने घर और आसपास स्वच्छता अभियान चलाकर देश को स्वच्छ बनाने में योगदान दें।



सांसद मिश्र ने मानव श्रृंखला में शामिल विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि देश को गौरवशाली और विकसित बनाने की जिम्मेदारी अब आने वाली पीढ़ी पर है। सभी बच्चे शिक्षित और संस्कारित बनकर स्वतंत्रता का मान बढ़ाएं तथा देश के विकास में योगदान दें। सांसद ने सभी को हर घर तिरंगा अभियान की शपथ दिलाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने कहा कि मानव श्रृंखला हर घर तिरंगा अभियान के साथ-साथ राष्ट्रीय एकता का संदेश दे रही है। हम देश को विकसित बनाने और गौरवशाली बनाने में योगदान दें। तिरंगा हमारी आन-बान-शान का प्रतीक है। हर घर में तिरंगा फहराकर स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों के बलिदान का स्मरण करें। मानव श्रृंखला का आयोजन शिक्षा विभाग तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा किया गया। तिरंगा मानव श्रृंखला में रीवा शहर के शासकीय और अशासकीय स्कूलों के 1500 विद्यार्थी शामिल हुए। कार्यक्रम में नगर निगम के अध्यक्ष श्री व्यंकटेश पाण्डेय, श्री सतीश सिंह, श्री शिवम दुबे, श्री मुकेश पटेल, श्री राजीव तिवारी, संभागीय खेल अधिकारी एमके धौलपुरी, जिला शिक्षा अधिकारी रामराज मिश्रा, प्राचार्य संदीपनि विद्यालय वरूणेन्द्र सिंह, सहायक संचालक शिक्षा राजेश मिश्रा तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में आज कलेक्टर करेंगे ध्वाजारोहण

**मीडिया ऑडीटर, सतना ( निप्र )।** स्वतंत्रता दिवस का जिला स्तरीय मुख्य समारोह 15 अगस्त को प्रातः 9 बजे स्थानीय पुलिस परेड ग्राउण्ड सतना में आयोजित किया गया है। मुख्य समारोह में सतना कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ध्वाजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे।

स्वतंत्रता दिवस समारोह के पल-प्रतिपल निर्धारित कार्यक्रमानुसार 15 अगस्त को प्रातः 9 बजे मुख्य अतिथि का आगमन होगा। मुख्य अतिथि प्रातः 9 बजे से 9.05 तक ध्वजारोहण कर सलामी लेंगे।

प्रातः 9.05 बजे से 9.25 तक परेड का निरीक्षण मार्च पास्ट, प्रातः 9.25 बजे से 9.55 बजे तक मुख्यमंत्री जी के संदेश का सीधा प्रसारण किया जायेगा। प्रातः 9.55 बजे से 10 बजे तक मुख्य अतिथि द्वारा बधाई संदेश का वाचन, प्रातः 10 बजे से 10.30 तक पीटी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का प्रदर्शन तथा प्रातः 10.30 बजे से पुरूस्कार एवं प्रशस्ति पत्र का वितरण किया जायेगा।

## 16 अगस्त को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर होगा भव्य कार्यक्रमों का आयोजन

### कलेक्टर ने अधिकारियों को सौंपे दायित्व

**मीडिया ऑडीटर, सतना ( निप्र )।** राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में 16 अगस्त को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर भव्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर सतना डॉ. सतीश कुमार एस ने विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन के लिए उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास, केन्द्रीय जेल अधीक्षक, जिला संयोजक आदिम जाति एवं अनसूचित जनजाति कार्य विभाग, प्रबंधक एमपी टूरिज्म बोर्ड, जनसम्पर्क अधिकारी सतना, प्राचार्य नोडल कॉलेज सतना, जिला शिक्षा अधिकारी सतना, जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र, उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं सतना प्रबंधक तथा जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी सतना को विभिन्न जिम्मेदारियां सौपी है।

कलेक्टर ने भगवान श्रीकृष्ण के अवधारणाओं अनुरूप शिक्षा, संस्कृति, कृषि, गौ एवं पशु संवर्धन, युवा वर्ग को विशेष चिन्हित कर आमजन में आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक नवजागरण पर बल, मेरा कान्हा-मेरा अभियान जैसे आनलाइन कैंपेन श्रीकष्ण पर प्रतियोगिता या स्मार्ट झांकी, डिजाइन चैलेंज प्रतियोगिता, जिले के शासकीय एवं अशासकीय होटलों में जन्माष्टमी मनाये जाने, छात्रावासों, आश्रमशालाओं में भी भजन प्रतियोगिता, श्रीकृष्ण वेशभूषा चित्रकला में शामिल करने के निर्देश दिये है। अधिसूचित क्षेत्रों में श्रीकृष्ण लीला का स्थानीय जनजातीय बोलियों गोडी, भीली आदि में अनुवाद कराया जाकर व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाने डिजिटल प्लेटफार्म के माध्यम से शोभायात्रा, वर्चुअल प्रतियोगिता और सोशल मीडिया अभियानों का संचालन करने के निर्देश भी राज्य शासन ने दिये हैं।

## जिले भर में उमंग और हर्षोल्लास से मनाया जाएगा स्वतंत्रता दिवस

**मीडिया ऑडीटर, रीवा ( निप्र )।** जिले भर में 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। जिला स्तरीय समारोह एसएएफ मैदान रीवा में सुबह 9 बजे से आरंभ होगा। समारोह की मुख्य अतिथि कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगी। जिला स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री जी के स्वतंत्रता दिवस संदेश का सीधा प्रसारण एलईडी स्क्रीन पर दिखाया जायेगा। समारोह का समापन पुरस्कार वितरण से होगा।

जिले के सभी शासकीय कार्यालयों तथा शिक्षण संस्थाओं में सुबह 8 बजे अथवा उसके पूर्व ध्वजारोहण किया जाएगा। ध्वजारोहण के बाद राष्ट्रगान का गायन होगा। शिक्षण संस्थाओं में मौसम को ध्यान में रखते हुए प्रभातफेरी निकाली जाएगी। ध्वजारोहण के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। स्वतंत्रता दिवस समारोह में शिक्षण संस्थाओं में वाद-विवाद प्रतियोगिता, राष्ट्रीय एकता पर संगोष्ठी तथा वृक्षारोपण के कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। स्वतंत्रता दिवस पर सभी प्रमुख सार्वजनिक भवनों तथा राष्ट्रीय महत्व के स्मारकों में 14 और 15 अगस्त की रात में प्रकाश की व्यवस्था रहेगी। स्वतंत्रता दिवस समारोह में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, शहीदों के परिजनों एवं लोकतंत्र सेनानियों को जिला स्तरीय समारोह में भाग लेने के लिए सम्मानपूर्वक आमंत्रित किया जाएगा। वृद्ध स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को उनके घर जाकर कलेक्टर द्वारा नामित प्रतिनिधि शॉल एवं श्रीफल देकर सम्मानित करेंगे। स्वतंत्रता दिवस पर जिले भर में एक पेड़ माँ के नाम अभियान में पौधे रोपित किये जायेंगे। शासकीय भवनों के परिसर तथा सार्वजनिक स्थलों पर सामूहिक रूप से पौधे रोपित करके पर्यावरण संरक्षण में हर व्यक्ति भागीदारी निभाए।

## राज्यमंत्री मऊगंज में स्वतंत्रता दिवस समारोह में करेंगे ध्वजारोहण

**मीडिया ऑडीटर, मऊगंज ( निप्र )।** जिले में 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस उमंग और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। जिला स्तरीय भव्य समारोह कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित होगा। समारोह के मुख्य अतिथि जिले के प्रभारी मंत्री लखन पटेल राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार पशुपालन एवं डेयरी विकास होंगे। मुख्य अतिथि द्वारा सुबह 9 बजे ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली जाएगी। ध्वजारोहण के बाद सुबह 9.02 बजे परेड का निरीक्षण, हर्षफायर तथा मार्च पास्ट होगा। समारोह में सुबह 9.25 बजे भोपाल से मुख्यमंत्री के स्वतंत्रता दिवस संदेश का सजीव प्रसारण दिखाया जाएगा। जिला स्तरीय समारोह में सुबह 9.55 बजे मुख्य अतिथि का उद्बोधन एवं बधाई संदेश का वाचन होगा। सुबह 10 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियाँ होंगी। तदुपरांत सुबह 10.30 बजे पुरस्कार, सम्मान एवं प्रशस्ति पत्रों के वितरण से समारोह का समापन होगा।

## जिले में हर्षोल्लास से मनाया जाएगा स्वतंत्रता दिवस समारोह

**मीडिया ऑडीटर, मऊगंज ( निप्र )।** मऊगंज जिले में स्वतंत्रता दिवस समारोह उमंग और हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। कलेक्टर संजय कुमार जैन ने बताया कि जिला, विकासखण्ड तथा ग्राम स्तर पर भी स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजित किये जाएंगे। सभी जनपद पंचायत मुख्यालयों में जनपद अध्यक्ष ध्वजारोहण करेंगे तथा समारोह में सामूहिक रूप से राष्ट्रगान गाया जाएगा। ऐसी नगर पंचायत जिसका मुख्यालय विकासखण्ड मुख्यालय में नहीं है उसमें नगर परिषद अध्यक्ष राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे। समारोह में राष्ट्रगान का सामूहिक गायन किया जाएगा। सभी ग्राम पंचायतों में सरपंच ध्वजारोहण करेंगे। स्वतंत्रता दिवस पर सभी प्राथमिक और माध्यमिक स्कूलों विशेष मध्यान्ह भोजन का आयोजन किया जायेगा। आमजनता स्वतंत्रता दिवस पर अपने घरों में हर्ष उल्लास के साथ राष्ट्रीय ध्वज फहराकर हर घर तिरंगा अभियान में भागीदारी निभायें। जिले भर में उल्लास के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाया जायेगा। कलेक्टर ने हर घर तिरंगा अभियान के तहत आमजनों से अपने घरों में देश के गौरव के प्रति राष्ट्रध्वज फहराने तथा स्वतंत्रता दिवस समारोह में भागीदारी निभाने की अपील की है।

## पीएम श्री एयर एम्बुलेंस सेवा प्रदेश की आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं में ला रही है क्रांतिकारी बदलाव : उप मुख्यमंत्री

**मीडिया ऑडीटर, रीवा ( निप्र )।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि पीएम श्री एयर एम्बुलेंस सेवा प्रदेश की आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं में क्रांतिकारी बदलाव ला रही है। यह सेवा बहुमूल्य समय की बचत कर गंभीर रूप से बीमार मरीजों को उन्नत चिकित्सा सुविधाओं तक त्वरित पहुँच प्रदान कर रही है। आपदा, दुर्घटना या अचानक बिगड़ी स्वास्थ्य स्थिति में यह सेवा मरीज और उपचार के बीच की दूरी को कम करते हुए जीवन रक्षा में अहम भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार और आधुनिकीकरण के साथ-साथ इस तरह की जीवन रक्षक सेवाओं का सशक्त नेटवर्क तैयार किया जा रहा है। उन्होंने रीवा निवासी मरीज श्री लवकुश दुबे ज़िन्हें उन्नत उपचार के लिए भोपाल एयरलिफ्ट किया गया है, के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना की है।

उल्लेखनीय है कि रीवा निवासी श्री लवकुश दूबे (55 वर्ष) को ब्रोन हेमरेज और अत्यधिक रक्तचाप की गंभीर स्थिति में तत्काल उच्च स्तरीय इलाज की आवश्यकता थी। उन्हें पीएम श्री एयर एम्बुलेंस सेवा के माध्यम से रीवा से आयुष्मान एम्पेनल्ड चिरायु हॉस्पिटल, भोपाल सफलतापूर्वक एयर-लिफ्ट किया गया। समय पर मिले उपचार से उनकी जान बचाई जा सकी। एयर एम्बुलेंस सेवा सड़क दुर्घटना, औद्योगिक हादसे, प्राकृतिक आपदा और अन्य आपात स्थितियों में राज्य के भीतर और बाहर मरीजों को सुरक्षित व त्वरित हवाई परिवहन उपलब्ध कराती है। आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए राज्य के भीतर और बाहर सूचीबद्ध अस्पतालों में इलाज हेतु निःशुल्क सेवा उपलब्ध है। ग़ैर आयुष्मान कार्ड नागरिकों को राज्य के भीतर सरकारी अस्पतालों तक निःशुल्क सेवा तथा राज्य के बाहर अनुमोदित दरों पर सशुल्क सेवा उपलब्ध है।

# गर्भवती को चारपाई पर लेकर 3 किमी चले, सरपंच बोला- सड़क बनवाने विधायक की आवभगत में 40 हजार नाश्ता में खर्च किए



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** रीवा में 9 माह की गर्भवती महिला को पानी भरे नाले में से खाट पर लिटाकर अस्पताल ले जाना पड़ा। गर्भवती रास्ते भर दर्द से कराहते हुए जोर से जोर से चीखती रही। लोगों ने बताया गया कि ऐसा रास्ता न होने की वजह से हुआ। हालांकि गुढ़ के दूबी गांव के सरपंच का कहना है कि रास्ते के लिए 23 लाख 50 हजार रुपए स्वीकृत भी हो गए हैं। सड़क का काम जल्दी हो जाए इसके लिए विधायक को बुलाकर कार्यक्रम में 40 हजार खर्च करना पड़ा।

दरअसल 9 माह की गर्भवती रश्मि दहिया की तबीयत बुधवार दोपहर अचानक बिगड़ गई। आनन-फानन में प्रसव के लिए अस्पताल ले जाना था लेकिन एम्बुलेंस सड़क न होने की वजह से नहीं पहुंच सकी। हालत बिगड़ते देख परिजनों ने चारपाई में लिटाकर तीन किलोमीटर तक का सफर नाले और कीचड़ भरे रास्ते को पार करते हुए तय किया।

**परिजन बोले- विधायक के कार्यक्रम में 40 हजार बर्बाद :** वहीं अब गर्भवती महिला के परिजनों और ग्रामीणों का कहना है कि जो 40 हजार रुपए सड़क के लिए विधायक के कार्यक्रम में खर्च कर पैसे की बर्बादी की गई। वही पैसे अगर सड़क में खर्च किए गए होते तो सड़क की स्थिति आज कुछ और होती।

बहरहाल जिस तरह से गर्भवती महिला को उफनाते नाले से पार कराने का वीडियो सामने आया है। वो बेहद ही खतरनाक है। ग्रामीणों का आरोप है कि जान बूझकर सड़क के निर्माण में देरी की जा रही है। जिससे उन्हें असुविधाओं का सामना करना पड़ता है।

**महिला का सरपंच से सवाल पूछते हुए ऑडियो:** पूरे मामले में हमारे हाथ एक ऑडियो भी सामने आया, जिसमें एक गर्भवती महिला गांव के सरपंच से यह प्रश्न पूछ रही थी कि अब तक हमारी सड़क क्यों नहीं बनी। जिस पर सरपंच कहता है कि आपकी सड़क जल्दी बन जाए इसलिए 40 हजार रुपए खर्च कर विधायक तक को बुलाया था। लेकिन अब देरी हो रही है तो क्या करूं। गांव के सरपंच ने यह पुष्टि की कि एक कार्यक्रम में 40 हजार खर्च किए।

**सरपंच बोले- वास्तव में सड़क खराब :** जब हमने सरपंच से जानना चाहा कि आपने गर्भवती महिला से विधायक के कार्यक्रम में 40 हजार खर्च होने की बात कही, क्या यह सही बात है। तो जवाब में सरपंच संजय सोधिया ने बताया कि हां विधायक जी को नहर किनारे कार्यक्रम कर केवल इसीलिए बुलाया था ताकि वो सड़क की स्थिति देख सके। पैसे तो नाश्ते पानी में ही खत्म हो गए। सरपंच का कहना है कि वास्तव में सड़क के खराब होने से लोग बहुत परेशान हैं। बरसात के मौसम में बड़ा गड्ढा हो गया है। अभी मिट्टी डलवाई थी तो वो भी बह गई। ग्रामीणों का निकलना भी मुश्किल है। लेकिन अब फाइल कलेक्टर कार्यालय में रुकी हुई है, पता नहीं किस कारण से रुकी हुई है। साढ़े 23 लाख रुपए स्वीकृत भी हो चुके हैं।

**महिला बोली- जान जाने का रहता है खतरा :** स्थानीय महिला मानवती वर्मा ने बताया कि जिस तरीके से गर्भवती महिलाएं खराब सड़क की वजह से अस्पताल नहीं पहुंच पा रही हैं, वो बेहद ही दुर्भाग्यपूर्ण है। अस्पताल पहुंचने से पहले नाले में डूबकर ही जान न चली जाए। यह भी खतरा बना रहता है। अब भला क्या करें।

सरपंच ने उलाहना दी कि 40 हजार रुपए सड़क बनवाने के लिए आवभगत में लगा दिए। पर हम ग्रामीण पूछना चाहते हैं कि जो 40 हजार रुपए आपने विधायक के कार्यक्रम में आवभगत में लगवाए वो अगर सड़क में लगवाए होते तो आज स्थिति कुछ और होती।

## तस्कर से बातचीत का ऑडियो, आरक्षक निलंबित, सतना में फोन पर टीआई के हिस्से की भी चर्चा; एसपी बोले- सब पर होगी कार्रवाई




**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** सतना में नशा तस्कर से कथित बातचीत का ऑडियो सोशल मीडिया पर सामन आने के बाद एसपी आशुतोष गुप्ता ने सभापुर थाने के आरक्षक पप्पू यादव को तत्काल निलंबित कर दिया है। वायरल ऑडियो में एक मीडिएटर आरक्षक से नशा तस्कर दीपक नाम के युवक के लिए क्षेत्र में नशीली कफ सिरप बेचने की अनुमति की बात करता सुनाई दे रहा है। बातचीत में रिश्वत की राशि तय करने का जिक्र है, जिसमें आरक्षक टीआई और अन्य नए आरक्षकों के हिस्से की बात करता है। ऑडियो में ये खुलासा भी हुआ है कि एक बार आरक्षक ने दीपक का पीछा भी किया था, जब वह कोटर से नशीली कफ सिरप की खेप ला रहा था। इस मामले में विभागीय जांच भी शुरू कर दी गई है। ऑडियो में बिरसिंहपुर कस्बा निवासी दीपक का जिक्र है। दीपक पर कोटर से नशीली कफ सिरप लाकर सभापुर क्षेत्र में सप्लाई करने का आरोप है।

**नशीली कफ सिरप बेचने का वीडियो आया था सामने :** इससे पहले सभापुर क्षेत्र की एक गुमटी का वीडियो सामने आया था। वीडियो में खुलेआम नशीली कफ सिरप बेचे जाने का दृश्य कैद हुआ था। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। अन्य लोगों पर भी कार्रवाई की हो रही तैयारी पुलिस अब वायरल ऑडियो की सत्यता की जांच कर रही है।

## सागर में बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज से बच्चा चोरी:संभालने का बोल साथ लेकर भागी महिला, पुलिस ने कर्रापुर से सुरक्षित बरामद किया



**सागर, एजेंसी ।** सागर के बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज में गुरुवार सुबह वार्ड से एक महिला नवजात बच्चा चोरी कर ले गई। घटना के बाद अस्पताल में हड़कंप मच गया। पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। छानबीन में बच्चे की लोकेशन कर्रापुर में मिली, जहां से पुलिस ने उसे सुरक्षित बरामद कर लिया।

**मां वार्ड में, परिवार बाहर था :** भोपाल रोड निवासी सोमती आदिवासी को प्रसव पीड़ा होने पर परिजन बीएमसी में भर्ती कराए थे। शनिवार को उन्होंने बच्चे को जन्म दिया। गुरुवार सुबह परिवार के लोग वार्ड से बाहर थे, तभी एक महिला अंदर आई और बच्चे को लेकर भाग गई। पलंग पर बच्चा न मिलने पर सोमती ने परिवार से पूछा, लेकिन किसी के पास नहीं था। इसके बाद अस्पताल प्रबंधन और पुलिस को सूचना दी गई।

**परिजनों का आरोप- स्टाफ ने कहा कुछ नहीं हुआ :** बच्चे के ससुर सुंदर आदिवासी ने बताया, भनेज बहू सोमती का बच्चा चोरी हुआ है। हम लोग बाहर बैठे थे। वार्ड में जाने नहीं देते थे। बच्चा चोरी होने पर अंदर जाकर पूछा तो स्टाफ ने कहा कि कुछ नहीं हुआ है, हम देख रहे हैं। बाद में पता चला कि बच्चा कर्रापुर में मिला है।

## हाईकोर्ट ने कहा-जांच एजेंसियों का ध्यान सिर्फ छोटी मछलियों पर: पुलिस की कार्रवाई पर की टिप्पणी, जज बोले- बड़ी मछलियां इनका पेट भर रही



**जबलपुर,एजेंसी।** जबलपुर के रांझी इलाके में रहने वाले एक मेडिकल स्टोर संचालक और उसके साथी को नशीले इंजेक्शन की तस्करी के मामले में विशेष अदालत ने 15-15 साल की सजा सुनाई थी। अब इस केस में मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने सुनवाई करते हुए मेडिकल स्टोर संचालक को जमानत दे दी है। हाईकोर्ट की डबल बेंच जस्टिस विवेक अग्रवाल और जस्टिस अवनींद्र कुमार ने मामले की सुनवाई के दौरान जांच एजेंसियों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए और कई गड़बड़ियों की ओर इशारा किया।

कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा,जांच एजेंसियों का पूरा ध्यान सिर्फ छोटी मछलियों पर रहता है, क्योंकि बड़ी मछलियों से उनका पेट भरता है। यानी कोर्ट ने साफ तौर पर कहा कि पुलिस ने असली दोषियों तक पहुंचने की बजाय छोटे आरोपियों को ही पकड़ कर कार्रवाई पूरी मान ली।

**मामला 52,000 नशीले इंजेक्शन बरामद करने से जुड़ा:** आनंद नगर निवासी समीर गुप्ता के घर से कोतवाली थाना पुलिस ने 28 और 29 जुलाई 2023 को छापामार कार्रवाई कर 26 पेटियों में 52,000 नशीले इंजेक्शन (एम्पुल) बरामद किए थे। पुलिस के अनुसार ये नशीले इंजेक्शन नीरज परियानी के बताए गए थे, जो समीर गुप्ता के घर पर रखे गए थे। इस मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत विशेष अदालत ने 13 जनवरी 2025 को नीरज परियानी और समीर गुप्ता दोनों को दोषी करार देते हुए 15-15 साल की सजा और दो लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई थी।

**हाईकोर्ट में हुई सुनवाई :** विशेष अदालत के फैसले को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में अपील की गई। बुधवार को हुई सुनवाई में आरोपी की ओर से अधिवक्ता बसंत रोनाल्डो पेश हुए।

कोर्ट ने पाया कि पूरी जांच में कई विसंगतियां थीं। कोर्ट ने यह भी कहा कि पुलिस को सिर्फ दो छोटे आरोपियों तक सीमित नहीं रहना था, बल्कि उनसे पूछताछ कर मुख्य साजिशकर्ताओं तक पहुंचना चाहिए था।

## कमिश्नर ने ध्वजारोहरण कर सलामी ली:स्वतंत्रता दिवस परेड की रिहर्सल, खंडवा में पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की तिरंगा यात्रा



**खंडवा, एजेंसी।** स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर जिला स्तरीय कार्यक्रम पुलिस परेड ग्राउंड पर सुबह 9 बजे से होगा। कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में बुधवार को फुल ड्रेस फाइनल रिहर्सल आयोजित की गई। फाइनल रिहर्सल में कलेक्टर ऋषव गुप्ता, एसपी मनोज कुमार राय और सीईओ जिला पंचायत डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा मौजूद थे। खास बात यह रहीं कि कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर निगम आयुक्त प्रियंका राजावत रहीं, राजावत ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। इस दौरान स्कूली विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

**पुलिस और स्वास्थ्य विभाग ने अलग-अलग तिरंगा यात्रा निकाली :** हर घर तिंरगा, हर घर स्वच्छता अभियान के तहत बुधवार को पुलिस कंट्रोल रूम से तिरंगा रैली रवाना हुई। रैली में एनसीसी, एसएएफ, होमगार्ड, शामिल हुए। यह रैली पुलिस कंट्रोल रूम से रवाना होकर बजरंग चौक, कहारवाड़ी चौक, जलेबी चौक, घंटाघर, केवलराम चौराहा, रेलवे स्टेशन से होते हुए पुलिस कंट्रोल रूम पर आकर संपन्न हुई। रैली में कलेक्टर ऋषव गुप्ता, पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार राय, जिला पंचायत के सीईओ डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा, अपर कलेक्टर केआर बड़ोले, एएसपी महेंद्र तारणेकर, राजेश रघुवंशी, नगर निगम आयुक्त प्रियंका राजावत, एसडीएम बजरंग बहादुर सहित पुलिस-प्रशासन के अधिकारी कर्मचारी तिरंगा झंडा लेकर बड़ी संख्या में शामिल हुए। इधर, स्वास्थ्य विभाग ने तिरंगा रैली नगर निगम, घंटाघर, बस स्टैंड, मछली बाजार, जलेबी चौक होते हुए जिला अस्पताल परिसर में समापन किया गया। रैली में हर घर तिंरगा, हर घर स्वच्छता के साथ देशभक्ति का संदेश दिया गया। रैली में सीएमएचओ डॉ. ओपी जुगतावत, सिविल सर्जन डॉ. अनिरूद्ध कौशल, डॉ. आर.डी. बकोरिया, डॉ. रंजीत बडोले, डॉ. शक्तिसिंह राठौड़, आरएमओ डॉ. एमएल कलमे सहित जिला अस्पताल व मेडिकल कॉलेज स्टाफ व छात्र-छात्राएं मौजूद थी।

# डीपी से ऑयल चोरी कर रहे थे, पहुंच गए ग्रामीण; पीछा कर पकड़ा, भागने में पलटी कार; चार आरोपियों को पुलिस को सौंपा



**रतलाम, एजेंसी।** रतलाम के नामली थाना क्षेत्र के ग्राम धमोत्तर में मंगलवार-बुधवार की रात बिजली के ट्रांसफॉर्मर (डीपी) से ऑयल चोरी कर भाग रहे चार चोरों को ग्रामीणों ने पीछा कर पकड़ लिया। भागते समय चोरों की कार बेकाबू होकर पलट गई, जिसके बाद ग्रामीणों ने सभी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया।

**कई दिनों से हो रही थीं चोरी की वारदातें :** गांव धमोत्तर और आसपास के क्षेत्रों में बीते कई दिनों से किसानों के खेतों से पानी की मोटरें, केबल और ट्रांसफॉर्मर से ऑयल चोरी की घटनाएं सामने आ रही थीं। इन घटनाओं से परेशान होकर ग्रामीणों ने रतजगा कर निगरानी शुरू कर दी थी। ग्रामीणों को 3-4 दिन पहले जानकारी मिली थी कि बदमाश उनके क्षेत्र में सक्रिय हैं।

**चोरी करते पकड़े गए, भागते वक्त कार पलटी :** मंगलवार-बुधवार की रात चार युवक एक कार में सवार होकर धमोत्तर और नेगड़दा क्षेत्र में पहुंचे। जब वे ट्रांसफॉर्मर से ऑयल चोरी कर रहे थे, तभी किसी ने उन्हें देख लिया और तुरंत ग्रामीणों को सूचना दी।

ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो चोर कार में बैठकर भागने लगे। पीछा किए जाने पर कार नेगड़दा के पास बेकाबू होकर सड़क किनारे करीब 5 फीट गहरी खाई में पलट गई। कार पलटने के बाद ग्रामीणों ने चारों चोरों को पकड़ लिया और तुरंत पुलिस को सूचना दी।

**चारों आरोपी पुलिस के हवाले, चोरी का सामान बरामद :** फरियादी दिनेश पिता नंदराम धाकड़, निवासी धमोत्तर ने अपने साथियों की मदद से चारों आरोपियों को पकड़कर पुलिस के हवाले किया।

- राजकुमार पिता नागूलाल कीर, निवासी रिंगनिया, थाना खाचरोद, उज्जैन
- देवेंद्र सिंह पिता विक्रम सिंह राजपूत, निवासी रिंगनिया, थाना खाचरोद, उज्जैन
- भरत पिता देवचंद पाटीदार, निवासी धौंसवास
- राजू पिता मोहनलाल कीर, निवासी धौंसवास
- पुलिस ने आरोपियों के पास से डीपी ऑयल से भरी तीन कैन और चोरी में इस्तेमाल किए गए औजार जब्त किए हैं।

**केस दर्ज, तीन दिन का रिमांड मिला:** नामली थाना पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 303(2) के तहत मामला दर्ज किया है। आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें तीन दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया है। पुलिस अब इनसे पूछताछ कर रही है कि इन्होंने और कहां-कहां चोरी की वारदातें की हैं और चोरी किया गया डीपी ऑयल कहां बेचा गया। इस पर लोकायुक्त निरीक्षक रंजीत सिंह के नेतृत्व में एक टीम बनाई गई। टीम में निरीक्षक कमल सिंह उइके, प्रधान आरक्षक महेश हजारी समेत चार अन्य सदस्य शामिल थे।शिकायतकर्ता ने बाबू को मीटिंग हॉल में बुलाया। जैसे रुपए लिए, लोकायुक्त की टीम ने उसे रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया।

## उज्जैन में कृष्ण जन्माष्टमी पर साधो बैंड की प्रस्तुति:श्री कृष्ण मित्रविंदा धाम में आयोजन,



**उज्जैन, एजेंसी।** उज्जैन के भैरवगढ़ मार्ग स्थित श्री कृष्ण मित्रविंदा धाम में जन्माष्टमी पर्व 16 अगस्त शनिवार को मनाया जाएगा। मंदिर में सुबह भगवान का पंचामृत अभिषेक होगा। शाम 5 बजे से मंदिर के पट खुलेंगे और भक्तों के लिए सतत दर्शन की व्यवस्था रहेगी। मंदिर परिसर में शाम 7 बजे से दिल्ली के साधो बैंड भजनों की प्रस्तुति देंगे। भक्तों को शाम 7 बजे से फलहारी प्रसाद का वितरण किया जाएगा। रात्रि 12 बजे भगवान की महाआरती होगी। दर्शन के लिए आने वाले भक्तों को अभिमंत्रित मोर पंख भी वितरित किए जाएंगे। गिरीश गुरू जी के अनुसार उज्जैन से भगवान श्री कृष्ण का विशेष संबंध है। श्री कृष्ण की बुआ राजाधी देवी उज्जैन से थीं। यह उनकी शिक्षा स्थली और गुरु सांदीपनी का स्थान भी है। उज्जयिनी के राजा जयसेन की पुत्री मित्रविंदा श्री कृष्ण की पांचवी पटरानी थीं। शिप्रा नदी के किनारे स्थित इस मंदिर में भगवान श्री कृष्ण और मित्रविंदा की आकर्षक बैठी हुई प्रतिमाएं स्थापित हैं। आयोजन समिति ने सभी भक्तों से भगवान के दर्शन के लिए पधारने का आग्रह किया है।

## दहेज हत्या में फरार इनामी सास-ससुर भोपाल से गिरफ्तार:पांच महीने से फरार चल रहे थे, पति और ननद पहले ही पकड़े जा चुके



**पिपरिया, एजेंसी।** पिपरिया पुलिस ने लगभग पांच महीने से दहेज हत्या के मामले में फरार चल रहे इनामी आरोपी सास और ससुर को गिरफ्तार कर लिया है। इन दोनों पर 3,000 रुपए का इनाम घोषित था। आरोपियों को बुधवार को कोर्ट में पेश किया गया। यह मामला 12 मार्च का है, जब भोपाल की रहने वाली शशि कुमरे ने पिपरिया बस स्टैंड पर जहर खाकर आत्महत्या कर ली थी। शशि अपने पति नीरज नवरेती, ससुर अजय नवरेती, सास ज्योति नवरेती और ननदों से दहेज की मांग और प्रताड़ना से परेशान थी। गंभीर हालत में शशि को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन 14 मार्च को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मृतका के बयानों और जांच के आधार पर आरोपियों के खिलाफ दहेज एक्ट के तहत केस दर्ज किया था। इस मामले में पहले ही आरोपी पति नीरज नवरेती और ननद स्वेती नवरेती को गिरफ्तार किया जा चुका था, वहीं ससुर अजय नवरेती और सास ज्योति नवरेती गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार अपना ठिकाना बदल रहे थे। पुलिस टीम ने उन्हें भोपाल से गिरफ्तार किया और बुधवार को कोर्ट में पेश किया।

## सीहोर में अवैध शराब के साथ भोपाल का आरोपी गिरफ्तार, पुलिस को चकमा देकर भागा था आरोपी




**सीहोर, एजेंसी।** सीहोर में पुलिस ने अवैध शराब के परिवहन के मामले में फरार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान मोहम्मद फरमान के रूप में हुई है। वो भोपाल के रोशनपुरा का रहने वाला है। एसपी दीपक कुमार शुक्ला के निर्देश और एसडीओपी पूजा शर्मा के मार्गदर्शन में श्यामपुर पुलिस को रात्रि गश्त के दौरान सूचना मिली। मुखबिर ने बताया कि कुरावर की तरफ से एक स्विफ्ट कार में शराब की पेटियां लाई जा रही हैं। कार की स्पीड बढ़ाकर सीहोर की तरफ भाग निकला आरोपी पुलिस ने सोंठी जोड़ पर कार को रोकने का प्रयास किया। लेकिन चालक ने कार की स्पीड बढ़ाकर सीहोर की तरफ भाग निकला। पुलिस ने पीछा किया तो आरोपी निवारिया रोड पर कार छोड़कर फरार हो गया। कुल जब्त सामान की कीमत 7 लाख 32 हजार 636 रुपए है कार की तलाशी में स्पेशल विस्की की पेटियां मिलीं, जिनकी कीमत 1 लाख 32 हजार 636 रुपए है। इसके अलावा 6 लाख रुपए की स्विफ्ट कार और एक मोबाइल फोन भी जब्त किया गया। कुल जब्त सामान की कीमत 7 लाख 32 हजार 636 रुपए है।

**भोपाल के बाणगंगा स्थित ब्लू स्टार स्कूल के पास पकड़ा:** पुलिस ने आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज किया। क्षेत्र में पुलिस की सक्रियता और मुखबिर की सूचना के आधार पर 28 साल के आरोपी मोहम्मद फरमान को भोपाल के बाणगंगा स्थित ब्लू स्टार स्कूल के पास से गिरफ्तार कर लिया गया।

## लोकायुक्त ने 10 हजार की रिश्वत लेते बाबू को पकड़ा: छतरपुर में मृतक के परिवार को मिलने थे 2 लाख

**छतरपुर, एजेंसी।** छतरपुर की जनपद पंचायत बड़ामलहरा में संबल शाखा का बाबू मुकेश वर्मा रिश्वत लेते पकड़ा गया। लोकायुक्त सागर की टीम ने बुधवार को जनपद कार्यालय के मीटिंग हॉल में कार्रवाई की। जो देर शाम तक जारी रही। जानकारी के अनुसार सलैया के संबल कार्डधारी राहुल लोधी की मौत 23 सितंबर 2024 को हुई थी। संबल योजना के नियम के अनुसार उनके परिवार को 2 लाख रुपए की सहायता राशि मिलनी थी। बाबू मुकेश वर्मा ने इस राशि को जारी करने के लिए 20 हजार रुपए की रिश्वत मांगी। शिकायत दर्ज होने के बाद लोकायुक्त निरीक्षक ने बनाई जांच टीम मृतक के चाचा राजेंद्र सिंह लोधी ने लोकायुक्त सागर में शिकायत दर्ज कराई।

## साउथ अफ्रीका के खिलाफ बचे हुए मुकाबलों से बाहर हुए मिशेल ओवेन



**मेलबर्न, ऐजंसी।** ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर मिशेल ओवेन की तेज़ तरक्की पर फिलहाल ब्रेक लग गया है। ओवेन को घरेलू मैदान पर साउथ अफ्रीका के खिलाफ बचे हुए मुकाबलों से बाहर कर दिया गया है। दूसरे टी20 में हेलमेट ग्रिल पर गेंद लगने के बाद भले ही उन्होंने मैदान पर कन्कशन टेस्ट पास कर लिया था, लेकिन बाद में उन्हें इसके लक्षण महसूस हुए। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के कन्कशन दिशानिर्देशों के अनुसार, ओवेन को 12 दिन का आराम करना होगा। इस दौरान ऑस्ट्रेलिया साउथ अफ्रीका के खिलाफ आखिरी टी20 और तीन वनडे खेलेगा। ऐसे में ओवेन को वनडे डेब्यू के लिए इंतजार करना पड़ेगा। ओवेन के अलावा, ऑस्ट्रेलिया को वनडे सीरीज़ में मैट शॉर्ट और लांस मॉरिस की भी कमी खलेगी। शॉर्ट को वेस्टइंडीज दौरे पर साइड इंजरी हुई थी, जिसके कारण वह पांच टी20 मैचों से बाहर रहे थे। उम्मीद थी कि वह अब तक फिट हो जाएंगे, लेकिन रिकवरी धीमी रही और अब वह घरेलू सीज़न की शुरुआत तक फिट होने पर ध्यान देंगे। वहीं, मॉरिस को कमर के निचले हिस्से में दर्द की शिकायत के बाद पर्थ भेज दिया गया है, जहां उनकी जांच होगी। आरोन हार्डी और मैथ्यू कुनेमन, जो इस समय टी20 स्क्वाड में हैं, वनडे सीरीज़ के लिए भी टीम में बने रहेंगे। हार्डी हाल ही में ऑस्ट्रेलिया की चैंपियंस ट्रॉफी टीम में भी शामिल थे, जबकि कुनेमन ने तीन साल से अधिक समय से वनडे नहीं खेला है। इस बीच, जोश इंग्लिस फ्लू जैसे लक्षण होने के बावजूद टीम के साथ बने रहेंगे।

## हॉकी इंडिया ने ओलंपिक ब्रॉन्ज मेडलिस्ट डॉ. वीसे पेस के निधन पर जताया शोक



**नई दिल्ली, ऐजंसी।** हॉकी इंडिया ने भारतीय हॉकी के सुनहरे दौर के करिश्माई मिडफील्डर और 1972 म्यूनिख ओलंपिक में ब्रॉन्ज मेडल जीतने वाली टीम का हिस्सा रहे डॉ. वीसे पेस के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। 80 वर्षीय डॉ. पेस ने खेल के मैदान के साथ-साथ खेल विज्ञान के क्षेत्र में भी अद्वितीय योगदान दिया और अनगिनत खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों को प्रेरित किया। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष डॉ. दिलीप तिर्की ने आज जारी शोक संदेश में कहा,÷आज हॉकी इंडिया के लिए बेहद दुख का दिन है। डॉ. पेस का निधन भारतीय हॉकी के एक सुनहरे युग का अंत है। म्यूनिख ओलंपिक का मेडल उनकी धैर्य और दृढ़ निश्चय का प्रमाण है। मुझे उनसे कुछ बार मिलने का अवसर मिला और हमेशा उनके खेल के प्रति जुनून से प्रेरणा मिली। वह देश में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के प्रबल समर्थक थे। हम हॉकी इंडिया की ओर से उनकी पत्नी जेनिफर, बेटे लिएंडर और पूरे परिवार के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त करते हैं। हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने कहा,÷हॉकी इंडिया की ओर से हम लिएंडर, उनकी मां और पूरे परिवार के प्रति संवेदना प्रकट करते हैं। खेल और खेल विज्ञान में उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा और उनकी विरासत हमेशा जीवित रहेगी। डॉ. वीसे पेस का जन्म अप्रैल 1945 में गोवा में हुआ था। वह खेल और शिक्षा दोनों में उत्कृष्ट रहे। हॉकी के अलावा उन्होंने डिविजनल क्रिकेट, फुटबॉल और रग्बी में भी अपनी प्रतिभा दिखाई। रग्बी के प्रति उनके प्रेम ने उन्हें 1996 से 2002 तक इंडियन रग्बी फुटबॉल यूनियन का अध्यक्ष बनाया। वह स्पोर्ट्स मेडिसिन के डॉक्टर थे और कोलकाता क्रिकेट एंड फुटबॉल क्लब के अध्यक्ष भी रहे। उनके बेटे टेनिस स्टार लिएंडर पेस कई बार बता चुके हैं ।

# एशिया कप - पांच बल्लेबाज, जिन्होंने टी20 फॉर्मेट में जड़े सबसे ज्यादा



**नई दिल्ली, ऐजंसी।** क्रिकेट मैच का रोमांचक बाउंड्री की बरसात के साथ बढ़ता है। एशिया कप-2025 टी20 फॉर्मेट में खेला जाना है। ऐसे में फैंस का भरपूर मनोरंजन निश्चित है। आइए, उन टॉप-5 खिलाड़ियों के बारे में जानते हैं, जिन्होंने एशिया कप (टी20 फॉर्मेट) में सबसे ज्यादा छक्के लगाए।

**नजीबुल्लाह जादरान-** अफगानिस्तान के इस खिलाड़ी ने साल 2016 से अब तक एशिया कप के टी20 फॉर्मेट में कुल आठ मैच खेले, जिसमें 35.20 की औसत के साथ 176 रन बनाए। इस दौरान जादरान के बल्ले से 13 छक्के और छह चौके निकले।

**रहमानुल्लाह गुरबाज:** अफगानिस्तान के इस खिलाड़ी ने पांच मुकाबलों में 30.40 की औसत के साथ 152 रन बनाए। इस दौरान उनके बल्ले से आठ चौकों के अलावा 12 छक्के निकले। गुरबाज एक अर्धशतक भी जड़ चुके हैं। रोहित शर्मा- भारत के इस दिग्गज बल्लेबाज ने साल 2016 से 2022 तक कुल नौ मैच खेले, जिसमें 30.11 की औसत के साथ 271 रन बनाए। इस दौरान रोहित के बल्ले से 12 छक्के और 27 चौके निकले।

**विराट कोहली-** रन-मशीन कोहली ने 10 मुकाबलों में 85.80 की शानदार औसत के साथ बल्लेबाजी करते हुए 429 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने 11 छक्के और 40 चौके जड़े। कोहली एक शतक के साथ तीन अर्धशतक लगा चुके हैं। बाबर हयात- पांच मुकाबले खेल चुके हांगकांग के इस खिलाड़ी ने एक शतक और एक अर्धशतक लगाते हुए 47 की औसत के साथ 235 रन बनाए। इस दौरान उनके बल्ले से 22 चौके और 10 छक्के निकले। एशिया कप-2025 की शुरुआत नौ सितंबर से होने जा रही है। इस टूर्नामेंट में कुल 10 टीमें हिस्सा लेने जा रही हैं, जिन्हें दो ग्रुप में बांटा गया है। ग्रुप-ए में भारत, पाकिस्तान, यूएई और ओमान की टीम है, जबकि ग्रुप-बी में श्रीलंका, बांग्लादेश, अफगानिस्तान और हांगकांग-चाइना की टीमें शामिल हैं।और कुल 25 विकेट झटके हैं, जो वरुण (32) के बाद सबसे अधिक हैं। हालांकि आईपीएल 2025 में बिश्नोई का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा था। उन्होंने 11 मैचों में सिर्फ 9 विकेट लिए थे और 10.83 की खराब इकॉनमी से गेंदबाजी की थी। दि तक उनके पास 17.38 की बेहतरीन औसत से 34 टी20 विकेट थे। इस बात की काफी उम्मीद है कि उन्हें भारतीय दल का हिस्सा बनाया जाएगा।

हालिया आईपीएल में दो स्पिनरों ने क्रिकेट पंडितों और प्रशंसकों को खूब प्रभावित किया - साई किशोर और दिग्वेश राठी। साई किशोर पिछले कुछ सालों से घरेलू सर्किट में तमिलनाडु के लिए लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। इस साल उनकी ही कप्तानी में आईड्रीम तिरुप्पुर तमिजंस ने टीएनपीएल का खिताब जीता था। साथ ही आईपीएल में भी उन्होंने गुजरात टाइटंस के लिए 19 विकेट झटके थे। इसके अलावा साई बाएं हाथ से आक्रामक बल्लेबाजी भी कर सकते हैं और वह एक अच्छे फील्डर भी हैं। ऐसे में अगर उन्हें भारतीय टीम में मौका मिलता है तो यह कोई आश्चर्य की बात नहीं होगी। यह लड़का तो अपनी पूरी आईपीएल की फीस सिर्फ़ फाइन देते हुए खर्च कर देगा। आईपीएल 2025 में राठी के बारे में ऐसे सैकड़ों मजाकिया बातें लिखी गई। उस दौरान राठी ने खिलाड़ियों को आउट करने के बाद आसमान पर हस्ताक्षर किए, जमीन पर किया, कभी तो खिलाड़ियों के बिल्कुल करीब जाकर किया लेकिन इन सब के इतर राठी ने अपने पहले ही आईपीएल सीजन में बता दिया कि उनकी गुगली को पढ़ना अत्यंत कठिन कार्य है। उन्होंने आईपीएल 2025 में 13 मैचों में 14 विकेट लिए और सिर्फ 8.25 की इकॉनमी के साथ रन खर्च किए। उम्मीद कम है लेकिन इसमें कोई दो मत नहीं कि हवा में हस्ताक्षर कर के फाइन भरने वाले इस युवा खिलाड़ी पर निवेश किया जा सकता है।

## एशिया कप में कैसा होगा भारतीय स्पिन आक्रमण?

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एशिया कप 2025 में जब क्रिकेट के प्रशंसकों की निगाहें टी20 विश्व कप चैंपियन भारत पर होंगी तो एक अहम सवाल यह बनेगा कि इस टूर्नामेंट में कौन से स्पिनर अपनी गुगली और कैरम बॉल से विरोधी टीम को बिखेरने का हरसंभव प्रयास करेंगे? क्या कुलदीप यादव की कलाई का जादू फिर चलेगा या वरुण चक्रवर्ती की रहस्यमयी गेंदें फिर से बल्लेबाज़ों के लिए अता-पता-लापता वाली परिस्थिति बनाएंगी? हालांकि खेलने की प्रक्रिया बाद में घटित होती है, पहले तो टीम चयन होता है।

आइए देखते हैं कि टीम चयन की इस कठिन, जटिल और जवाबदेही की ताजपोशी करने वाली प्रक्रिया में क्या रवि बिश्नोई, साई किशोर और दिग्वेश राठी जैसे युवा खिलाड़ियों को भी मौका मिलेगा, या भारत फिर से अनुभव और युवा जोश का संतुलन साधते हुए मैदान पर उतरेगा। आइए, क्रिकेट की इस बिसात पर भारतीय स्पिन अटैक की रणनीतियों को डिकोड करें।

**वरुण चक्रवर्ती :** अगर यह पूछा जाए कि एशिया कप में भारतीय टीम की तरफ़ से वह कौन सा स्पिनर होगा जो प्लेइंग इलेवन में पहले स्थान पर होगा, तो इसमें कोई दो मत नहीं कि वरुण इस स्थान के लिए सबसे मजबूत दावेदारों में से एक होंगे। दक्षिण अफ्रीका दौरे (नवंबर 2024) से भारतीय टीम में वापसी करने के बाद उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया है। उस दौरान चार मैचों की टी20 सीरीज में वह सबसे ज्यादा विकेट (12) लेने वाले गेंदबाज रहे। उस सीरीज में उन्होंने एक द्विपक्षीय टी20 सीरीज में भारत के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने का पिछला रिकॉर्ड तोड़ दिया था।

इसके बाद इंग्लैंड के खिलाफ टी20सीरीज़ में पांच मैचों में 14 विकेट चटकाए। टी20 विश्व कप के बाद से वरुण ने कुल 12 मैच खेले हैं और कुल 31 विकेट लिए हैं। इस तरह के बेहतरीन प्रदर्शन का परिणाम यह रहा कि टी20में आईसीसी के शीर्ष गेंदबाज़ों की सूची में चौथे स्थान पर हैं। आईपीएल 2025 में भी उन्होंने 13 मैचों में 17 विकेट लिए। साथ ही टीएनपीएल में भी उन्होंने अच्छी गेंदबाजी करते हुए 10 विकेट चटकाए।

**कुलदीप यादव :** कुलदीप भारतीय टीम के प्रमुख स्पिनरों में से एक माने जाते हैं। टी20 विश्व कप के बाद से कुलदीप ने भारत के लिए एक भी टी20 मैच नहीं खेला है। हर्निया की सर्जरी के अलावा उन्हें कुछ छोटी-मोटी चोट भी लगीं। आईपीएल में उन्होंने कुल 15 विकेट लिए और एक बेहतरीन वापसी की। अब वह पूरी तरह से फिट हैं। भारत के इंग्लैंड दौरे पर भले ही उन्होंने कोई मैच नहीं खेला लेकिन वह पूरी तरह से फिट थे।

इसमें काफी कम ही शक है कि वह एशिया कप में भारतीय टीम के स्पिन अटैक का हिस्सा नहीं होंगे। हालांकि, कुलदीप के चयन में एक बड़ी चुनौती यह है कि क्या टीम दो स्पिन ऑलराउंडर (अक्षर पटेल और वॉशिंगटन सुंदर) के साथ जाएगी। एक और रणनीतिक सवाल यह है कि क्या भारतीय टीम चार स्पिनरों के साथ उतरने का जोखिम उठाएगी, जो सिफ 'स्पिन-फ्रेंडली पिचों पर ही संभव हो पाएगा। साथ ही एक रास्ता यह भी है कि वरुण की जगह पर कुलदीप को टीम में मौका दिया जाए लेकिन वरुण के फ़ॉर्म को देखते हुए, ऐसा होने की उम्मीद काफी कम है।

**रवि बिश्नोई :** बिश्नोई भारतीय क्रिकेट में एक युवा और आक्रामक लेग-स्पिनर के तौर पर उभरे हैं। वह अपनी तेज गति की लेग-स्पिन और गुगली के लिए जाने जाते हैं। उनका अंतरराष्ट्रीय फॉर्म प्रभावशाली रहा है। बिश्नोई ने टी20 विश्व कप के बाद से भारत के लिए किसी भी स्पिनर की तुलना में सबसे ज्यादा (18) मैच खेले हैं ।

## यूएस ओपन 2025: 45 साल की उम्र में वीनस विलियम्स को वाइल्ड कार्ड, 1981 के बाद सबसे उम्रदराज सिंगल्स खिलाड़ी बनेंगी



**न्यूयॉर्क ऐजंसी।** दिग्गज टेनिस स्टार वीनस विलियम्स दो साल के अंतराल के बाद ग्रैंड स्लैम टेनिस में वापसी करने जा रही हैं। 45 वर्षीय अमेरिकी खिलाड़ी को बुधवार को यूएस ओपन के सिंगल्स मुकाबलों में खेलने के लिए वाइल्ड कार्ड आमंत्रण मिला है। इंटरनेशनल टेनिस फेडरेशन के अनुसार, वह 1981 में रेनी रिचर्ड्स (47 वर्ष) के बाद टूर्नामेंट में खेलने वाली सबसे उम्रदराज सिंगल्स खिलाड़ी होंगी। विलियम्स को यूएस टेनिस एसोसिएशन पहले ही अगले हफ्ते होने वाले मिक्स्ड डबल्स मुकाबलों के लिए वाइल्ड कार्ड दे चुका है। सिंगल्स मैच न्यूयॉर्क में 24 अगस्त से शुरू होंगे। वीनस के नाम सात ग्रैंड स्लैम सिंगल्स खिताब हैं, जिनमें यूएस ओपन 2000 और 2001 की जीत शामिल है। इसके अलावा उन्होंने अपनी छोटी बहन सेरेना विलियम्स के साथ 14 महिला डबल्स खिताब और दो मिक्स्ड डबल्स खिताब भी जीते हैं। सेरेना 2022 यूएस ओपन के बाद 23 ग्रैंड स्लैम सिंगल्स खिताब के साथ संन्यास ले चुकी हैं।

वीनस ने आखिरी बार 2023 यूएस ओपन में ग्रैंड स्लैम खेला था, जहां वह पहले दौर में हार गई थीं। यूएस ओपन में उनका आखिरी सिंगल्स मैच जीत 2019 में आई थी।


पिछले साल उन्होंने गर्भाशय फाइब्रॉइड्स की सर्जरी करवाई और लगभग पूरा सीजन मिस किया। जुलाई में वॉशिंगटन में उन्होंने 16 महीने बाद कोर्ट पर वापसी की और मार्च 2024 के मियामी ओपन के बाद पहली बार खेलीं। यहां उन्होंने 2004 विंबलडन में मार्टिना नवरातिलोवा के बाद सबसे उम्रदराज महिला खिलाड़ी के रूप में टूर-स्तरीय सिंगल्स मैच जीता। वॉशिंगटन में वीनस ने न सिर्फ अपने खेल बल्कि इटालियन अभिनेता से सगाई और हेल्थ इंश्योरेंस के लिए मजाकिया अंदाज में की गई टिप्पणी से भी सुर्खियां बटोरीं। वॉशिंगटन टूर्नामेंट के चेयरमैन मार्क ऐन ने कहा, ÷मैं हैरान था, लेकिन यह शानदार सरप्राइज था कि वह अब भी खेलना चाहती हैं। वीनस ने पिछले हफ्ते सिनसिनाटी ओपन में भी वाइल्ड कार्ड से हिस्सा लिया, लेकिन सिंगल्स के पहले दौर में बाहर हो गईं। न्यूयॉर्क में वह 19-20 अगस्त को अमेरिकी खिलाड़ी राइली ओपेल्का के साथ मिक्स्ड डबल्स खेलेंगी। महिला सिंगल्स के लिए वाइल्ड कार्ड पाने वालों में अमेरिका की क्लर्वी नगोनो, जुलिएटा परेजा, कैटी मैकनैली, की टालिया गिब्सन शामिल हैं।

## फीफा विश्व कप बोनस का एक हिस्सा डिओगो जोटा के परिवार को दान करेगा चेल्सी




**नई दिल्ली, ऐजंसी।** इंग्लिश प्रीमियर लीग क्लब चेल्सी कथित तौर पर अपने फीफा विश्व कप बोनस का एक हिस्सा डिओगो जोटा के परिवार को दान करेगा, जिनकी पिछले महीने एक कार दुर्घटना में दुखद मृत्यु हो गई थी। चेल्सी ने फाइनल में यूईएफए चैंपियंस लीग विजेता पेरिस सेंट-जर्मेन को 3-0 से हराकर खिताब अपने नाम किया। इस साल की शुरुआत में, लंदन के इस क्लब ने पहली बार यूईएफए कॉन्फ्रेंस लीग का खिताब भी जीता था। द एथलेटिक के अनुसार चेल्सी को £11.4 मिलियन का बोनस पूल मिला, जिसे क्लब विश्व कप के दौरान क्लब का प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ियों के बीच बराबर-बराबर बाँटा जाना था। आंतरिक चर्चा के बाद, यह निर्णय लिया गया कि डिओगो जोटा के परिवार को भी इतनी ही राशि का भुगतान किया जाएगा, जिससे कुल दान राशि लगभग 500,000 (£368,184) हो जाएगी। पोर्टो में जन्मे जोटा ने 2016 में एटलेटिको मैड्रिड में जाने से पहले पाकोस डी फरेरा के युवा सेटअप में अपना करियर शुरू किया। बाद में उन्होंने पोर्टो में लोन पर कुछ समय बिताया और प्रीमियर लीग में वॉल्वरहैम्प्टन वांडरर्स में स्थायी रूप से शामिल हो गए। हालांकि, लिवरपूल में ही जोटा ने अपने सबसे सफल दौर का आनंद लिया, जहां उन्होंने मैनेजर जुर्गन क्लॉप के नेतृत्व में एफए कप और लीग कप जीता और बाद में 2024/25 सीज़न में अर्ने स्लॉट के नेतृत्व में प्रीमियर लीग का खिताब जीता। श्रद्धांजलि स्वरूप, लिवरपूल ने उनकी 20 नंबर की जर्सी को अमर कर दिया।

## पीएसजी ने पेनाल्टी शूटआउट में टॉटनहम को हराकर जीता पहला यूईएफए सुपर कप




**नई दिल्ली, ऐजंसी।** चैंपियंस लीग विजेता पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) ने बुधवार को यूरोपा लीग चैंपियन टॉटनहम हॉटस्पर को 4-3 से पेनाल्टी शूटआउट में हराकर अपना पहला यूईएफए सुपर कप खिताब जीत लिया। नियमित समय में मुकाबला 2-2 की बराबरी पर समाप्त हुआ था।

स्टाडियो फ्रिउली में खेले गए इस मुकाबले में नए कोच थॉमस फ्रैंक के तहत अपने पहले आधिकारिक मैच में टॉटनहम ने शानदार शुरुआत की और हाफटाइम तक 2-0 की बढ़त बना ली। मिक्की वैन डे वेन ने 39वें मिनट में गोल कर टॉटनहम को बढ़त दिलाई, जबकि क्रिस्टियन रोमेरो ने दूसरे हाफ की तीसरे मिनट में दूसरा गोल किया। पीएसजी की वापसी में दो सब्स्टीट्यूट खिलाड़ियों ने अहम भूमिका निभाई। ली कांग-इन ने 85वें मिनट में गोल कर अंतर कम किया, जबकि इंजरी टाइम के चौथे मिनट में गोंकालो रामोस ने हेडर से बराबरी का गोल दाग दिया।

पेनाल्टी शूटआउट में शुरुआत में पीएसजी के वितिन्हा ने पहला शॉट बाहर मारकर टीम को दबाव में डाल दिया, लेकिन नए गोलकीपर लुकास शेवलियर ने वैन डे वेन का शॉट रोककर टीम को वापसी का मौका दिया। मैथिस टेल का शॉट भी लक्ष्य से चूक गया, जिसके बाद नूनो मेंडेस ने विजयी पेनाल्टी दागी। टॉटनहम की ओर से डॉमिनिक सोलांके, रोड्रिगो बेंटनकुर और पेड्रो पोरो ने गोल किए, जबकि पीएसजी के लिए रामोस, उस्मान डेम्बेले और ली ने गोल किए और अंत में मेंडेस ने निर्णायक शॉट मारा।वेन पार्नेल की टेस्ट एकादश में ओपनर के रूप में दक्षिण अफ्रीकी कप्तान ग्रीम स्मिथ के साथ ऑस्ट्रेलियाई पावरहाउस मैथ्यू हेडन को चुना गया। दोनों का आक्रामक और ठोस दृष्टिकोण उन्हें एक ऐसी मजबूत जोड़ी बनाता है जो किसी भी गेंदबाजी आक्रमण पर हावी हो सकती है। मध्यक्रम के महत्वपूर्ण स्थानों में पार्नेल ने ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज रिकी पोंटिंग, दक्षिण अफ्रीका के महान जैक्स कैलिस, वेस्टइंडीज के दिग्गज ब्रायन लारा और श्रीलंकाई रन-मशीन कुमार संगकारा को चुना। ये नाम शानदार प्रदर्शन, निरंतरता और मैच जिताने की क्षमता का मिश्रण लेकर आते हैं, जो उनकी बल्लेबाजी लाइन-अप की रीढ़ हैं। ऑलराउंडों में एबी डिविलियर्स को अपना विकेटकीपर-बल्लेबाज चुना, जिससे उनकी लाइन-अप में बहुमुखी प्रतिभा और विस्फोटक स्ट्रोक प्ले जुड़ा। यह पहला मौका है जब पीएसजी या किसी भी फ्रेंच क्लब ने यूईएफए सुपर कप जीता है। साल 2025 में यह पीएसजी का पांचवां खिताब है। टीम के कोच लुइस एनरिक के लिए यह नए सीजन की शानदार शुरुआत है, हालांकि पीएसजी को हाल ही में फीफा क्लब वर्ल्ड कप फाइनल में चेल्सी से हार का सामना करना पड़ा था।

अब पीएसजी अपना लीग 1 अभियान रविवार को नांत के खिलाफ शुरू करेगा, जबकि टॉटनहम शनिवार को प्रीमियर लीग के पहले मैच में बर्नली का सामना करेगा।

# उज्बेकिस्तान के शिक्षाविद एवं वैज्ञानिक 21 अगस्त को कृषि विश्वविद्यालय आएंगे

## कृषि शिक्षा तथा अनुसंधान के क्षेत्र में मिलकर किये जाने वाले कार्यों की संभावनाएं तलाशेंगे

### इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय तथा डेनाऊ इस्टीट्यूट ऑफ इंटरप्रेन्योरशिप एंड पेडागॉजी उज्बेकिस्तान के बीच हुआ है समझौता

**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (निप्र)।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर तथा डेनाऊ इस्टीट्यूट ऑफ इंटरप्रेन्योरशिप एंड पेडागॉजी उज्बेकिस्तान के मध्य शिक्षा तथा अनुसंधान हेतु हुए समझौते के तहत डेनाऊ इस्टीट्यूट ऑफ इंटरप्रेन्योरशिप एंड पेडागॉजी उज्बेकिस्तान का एक आठ सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल 21 अगस्त 2025 को इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के प्रवास पर आएगा और यहां दोनो संस्थानों के मध्य शिक्षा तथा अनुसंधान के क्षेत्र में किये जाने वाले कार्यों का जायजा लेगा। डेनाऊ इस्टीट्यूट ऑफ इंटरप्रेन्योरशिप एंड पेडागॉजी उज्बेकिस्तान के रेक्टर डॉ. रोजिव के नेतृत्व में आने वाला यह प्रतिनिधि मंडल कृषि विश्वविद्यालय में उपलब्ध अधोसंरचनाओं एवं अनुसंधान सुविधाओं का अवलोकन करेगा।

इस अवसर पर इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल की अध्यक्षता में एक ब्रेन स्टॉर्मिंग सत्र का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें दोनों विश्वविद्यालयों के वरिष्ठ अधिकारी, वैज्ञानिक एवं प्राध्यापकगण कृषि, पर्यावरण, जल संरक्षण तथा विज्ञान के अन्य क्षेत्रों में शिक्षा एवं अनुसंधान की संभावनाओं पर विचार विमश करेंगे। इस अवसर पर भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के उपमहानिदेशक डॉ. आर.के. अग्रवाल तथा अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे।

उल्लेखनीय है कि इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर तथा डेनाऊ इस्टीट्यूट ऑफ इंटरप्रेन्योरशिप एंड पेडागॉजी उज्बेकिस्तान के मध्य 17 अप्रैल 2025 को एक समझौता किया गया था जिसके तहत इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर और डेनाऊ इस्टीट्यूट ऑफ इंटरप्रेन्योरशिप एंड पेडागॉजी उज्बेकिस्तान के विद्यार्थी स्नातक, स्नातकोत्तर एवं शोध (चीव) पाठ्यक्रमों के लिए एक दूसरे के संस्थानों में जा सकेंगे। दोनों संस्थानों के प्राध्यापक एवं वैज्ञानिक भी आपसी समन्वय के तहत एक दूसरे के संस्थान में अध्ययन एवं अनुसंधान कर सकेंगे। समझौते पर इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर की ओर से कुलपति डॉ. चंदेल और डेनाऊ इस्टीट्यूट ऑफ इंटरप्रेन्योरशिप एंड पेडागॉजी उज्बेकिस्तान की तरफ से रेक्टर प्रो. आयेबेक रोजिव ने हस्ताक्षर किए। समझौते के तहत दोनों संस्थान कृषि, पर्यावरण, जल संरक्षण तथा विज्ञान के अन्य क्षेत्रों में शिक्षा एवं अनुसंधान का कार्य करेंगे। इसमें इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर के विद्यार्थियों को अन्तराष्ट्रीय स्तर पर उच्च शिक्षा एवं अनुसंधान के नये अवसर प्राप्त होंगे। समझौते पर आगे बढ़ने के लिए दोनों संस्थानों के वैज्ञानिक एवं अधिकारी एक दूसरे के संस्थानों का दौरा कर वहां उपलब्ध सुविधाओं, परिवेश तथा अनुसंधान के क्षेत्रों का जायजा लेंगे। समझौते के प्रथम चरण में डेनाऊ इस्टीट्यूट ऑफ इंटरप्रेन्योरशिप एंड पेडागॉजी उज्बेकिस्तान का प्रतिनिधि मंडल 21 अगस्त 2025 को कृषि विश्वविद्यालय परिसर का दौरा करेगा। प्रतिनिधि मंडल इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर छत्तीसगढ़ के परिवेश, स्थानीय परिस्थितियों, उपलब्ध सुविधाओं तथा अध्ययन एवं अनुसंधान के क्षेत्रों के बारे में जानकारी प्राप्त करेगा। इनके आधार पर भविष्य की योजनाएं तैयार की जाएंगी। किन क्षेत्रों में और किन पहलुओं पर मिलकर शोध/अनुसंधान करना है यह तय किया जाएगा।

21 अगस्त को विश्वविद्यालय परिसर में एक ब्रेन स्टॉर्मिंग सत्र भी रखा गया है जिसमें डेनाऊ इस्टीट्यूट ऑफ इंटरप्रेन्योरशिप एंड पेडागॉजी उज्बेकिस्तान के रेक्टर डॉ. रोजिव वरिष्ठ अधिकारी एवं प्रतिनिधि शामिल होंगे। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर के कुलपति डॉ. चंदेल, वरिष्ठ अधिकारी एवं वैज्ञानिकगण शामिल होंगे। इस दौरान भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (प्ब्।त्) के उपमहानिदेशक भी उपस्थित रहेंगे। परिचर्चा के दौरान कृषि शिक्षा में किए जा रहे सुधारों, शैक्षिक नवाचार एवं डेनाऊ इस्टीट्यूट ऑफ इंटरप्रेन्योरशिप एंड पेडागॉजी उज्बेकिस्तान में उपलब्ध अवसर, अनुसंधान सहयोग की संभावनाएं एवं इनके क्षेत्र जैसे विषयों पर सार्थक संवाद किया जाएगा। सत्र को इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर के कुलपति डॉ. चंदेल, तथा डेनाऊ इस्टीट्यूट ऑफ इंटरप्रेन्योरशिप एंड पेडागॉजी उज्बेकिस्तान के रेक्टर डॉ. रोजिव भी संबोधित करेंगे। परिचर्चा में शिक्षा एवं छात्रों से जुड़े मुद्दो के साथ-साथ अनुसंधान के विभिन्न क्षेत्रों सब्जियों, तिलहन फसलों, रेशेदार फसलों, मछली पालन, फॉरेस्ट्री, कृषि रसायन, पौध संरक्षण, कृषि व्यवसाय एवं उद्यमिता, खाद्य प्रसंसकरण आदि विषयों पर विचार-मंथन किया जाएगा। डेनाऊ इस्टीट्यूट ऑफ इंटरप्रेन्योरशिप एंड पेडागॉजी उज्बेकिस्तान का प्रतिनिधि मंडल इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर के विभिन्न संस्थानों में संचालित गतिविधियों एवं सुविधाओं का जायजा भी लेगा जिसमें समझौते के तहत भविष्य की रणनीति तैयार की जा सके। समझौते के अगले चरण में इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर के अधिकारी एवं वैज्ञानिक डेनाऊ इस्टीट्यूट ऑफ इंटरप्रेन्योरशिप एंड पेडागॉजी उज्बेकिस्तान का दौरा करेंगे।

# वर्ष 2025-26 में 11 लाख 56 हजार 970 लोगों का किया गया सर्वेक्षण

### 136 विद्यालयों के 6586 विद्यार्थियों का किया गया नेत्र परीक्षण

### 3925 मोतियाबिंद के मरीजों की रायगढ जिले में हुई पहचान, हजारों आंखों की लौटी रोशनी

**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (निप्र)।** राष्ट्रीय अंधत्व एवं अल्प दृष्टि नियंत्रण कार्यक्रम के प्रभावी संचालन से कभी धुंधलेपन और अंधेरे में घिरा जीवन, अब चमकती रोशनी और नई उम्मीदों से भरा हुआ है। यह बदलाव कलेक्टर रायगढ़ के मार्गदर्शन में जिले में सफलतापूर्वक क्रियान्वित किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि 29 नेत्र सहायक अधिकारियों, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं और मितानिनों के सहयोग से राष्ट्रीय अंधत्व एवं अल्प दृष्टि नियंत्रण कार्यक्रम के तहत सत्र 2025-26 में जिले के 11 लाख 56 हजार 970 लोगों का सर्वेक्षण किया गया। इस व्यापक अभियान में 3925 मोतियाबिंद के मरीजों की पहचान हुई, जिनमें 314 दोनों आंखों से, 3604 एक आंख से और 7 बच्चे जन्मजात मोतियाबिंद से पीड़ित पाए गए। जुलाई 2025 तक 1002 मरीजों के सफल ऑपरेशन हुए, जिनमें 183 दोनों आंखों के, 815 एक आंख के और 4 जन्मजात मोतियाबिंद के बच्चे शामिल रहे। प्रत्येक ऑपरेशन ने किसी न किसी के जीवन में फिर से उजाला भर दिया।

**दूरस्थ अंचलों के बच्चों की दृष्टि के लिए विशेष प्रयासः-**

विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए यूनिक आईडी कार्ड और दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाने हेतु विशेष शिविर आयोजित किए गए, इसमें बाकारूमा और घरघोड़ा के बच्चों के माता-पिता को ऑपरेशन के लिए प्रेरित और प्रोत्साहित किया गया, जिसके सफल इलाज के बाद उनकी आंखों की ज्योति लौट आई। स्कूल हेल्थ प्रोग्राम के तहत माह जुलाई तक 136 शासकीय माध्यमिक विद्यालयों के 6586 विद्यार्थियों का नेत्र परीक्षण किया गया, इनमें 318 बच्चे दृष्टिदोष से पीड़ित पाए गए और उन्हें आवश्यकता अनुसार निःशुल्क चश्में प्रदान किए गए। कार्यक्रम के तहत विशेष रूप से दूरस्थ विकासखंडों और जनजातीय एवं पिछड़े क्षेत्र के बच्चों का नेत्र परीक्षण किया गया। इनमें धरमजयगढ़ के ग्राम सूपकोना के 13 वर्षीय अनूप प्रकाश राठिया, रैरूमाखुर्द की 6 वर्षीय पूर्णिमा राठिया, घरघोड़ा के ग्राम बटूराकछार के 11 वर्षीय परदेशी यादव और रायगढ़ के कबीर चौक की 13 वर्षीय कुमारी दृष्टि राय का सफल मोतियाबिंद ऑपरेशन हुआ। अब ये बच्चे पहले की तरह साफ-साफ देख पा रहे हैं और पढ़ाई में अपना भविष्य संवार रहे हैं।

**माता-पिता ने कहा-यह सिर्फ इलाज नहीं, बल्कि हमारे बच्चों को नया जीवन दियाः-**

रायगढ़ की यह कहानी इस बात का प्रमाण है कि जब संवेदनशील नेतृत्व, संगठित टीमवर्क और जनहित के प्रति प्रतिबद्धता मिलती है, तो हजारों जीवन में उजाला फैलाया जा सकता है। यह सिर्फ एक स्वास्थ्य कार्यक्रम नहीं, बल्कि दृष्टि, विश्वास और भविष्य लौटाने की कहानी है। इस मुहिम में जिला नोडल अधिकारी डॉ. मीना पटेल, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री रंजना पैकरा, डॉ. आर. एम. मेश्राम, डॉ. पी. एल. पटेल, डॉ. उषा किरण भगत, निजी नेत्र रोग विशेषज्ञों और स्वास्थ्य कर्मियों की भूमिका महत्वपूर्ण रही। जन्मजात मोतियाबिंद के बच्चों के माता-पिता ने कहा-यह सिर्फ इलाज नहीं, बल्कि हमारे बच्चों को नया जीवन देने जैसा है। उन्होंने शासन-प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। ज्ञातव्य है कि वर्ष 2024-25 में मोतियाबिंद ऑपरेशन के क्षेत्र में शासकीय जिला चिकित्सालय रायगढ़ ने राज्य ने प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त किया और रायगढ़ को राज्य के 11 मोतियाबिंद फ्री जिलों में शामिल किया गया।

# महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने प्रदेश की महिलाओं को कर रही है प्रेरित

## लखपति दीदी योजना के संचालन के लिए जताया आभार

**मीडिया ऑडीटर,रायपुर (निप्र)।** बालोद जिले के गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम गब्दी की खिलेश्वरी ने अपनी मेहनत और लगन से न केवल आत्मनिर्भरता की मिसाल कायम की है, बल्कि अब वह नई दिल्ली में आयोजित होने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह में विशेष अतिथि के रूप में शामिल होने वाली है। लखपति दीदी के रूप में अपनी पहचान बनाने वाली खिलेश्वरी की यह उपलब्धि न केवल उनके लिए, बल्कि पूरे बालोद जिले के लिए गर्व का विषय है। नई दिल्ली में 15 अगस्त 2025 को आयोजित होने वाले 79वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में खिलेश्वरी का विशेष अतिथि के रूप में शामिल होना एक ऐतिहासिक क्षण है।

जिले के गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम गब्दी की खिलेश्वरी, दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन 'बिहान' अंतर्गत के तहत गठित जय संतोषी स्व-सहायता समूह की सदस्य है जिनका परिवार कुछ समय पूर्व मुख्यतः कृषि मजदूरी पर निर्भर था किन्तु खिलेश्वरी देवांगन की परिवार को आगे बढ़ाने की ललक ने उन्हें एक नया मुकाम दिया है। उन्होंने अपनी मेहनत और उद्यमशीलता से ग्रामीण अर्थव्यवस्था में बदलाव की एक नई कहानी लिखी है। उन्होंने बिहान योजना के अंतर्गत मुर्गीपालन और किराना दुकान का संचालन शुरू किया, जिसके जरिए उन्होंने न केवल अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत किया, बल्कि लाखों रुपये की वार्षिक आय अर्जित कर लखपति दीदी का खिताब हासिल किया। इन्होंने सर्वप्रथम दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन 'बिहान' से जुड़ने पश्चात् महिलाओं के संगठन तैयार करना तथा वित्तीय साक्षरता सामुदायिक स्त्रोत व्यक्ति के रूप में चयनित होकर महिलाओं को वित्तीय साक्षरता प्रदान कर रही है। इस कार्य के माध्यम से 02 करोड़ से अधिक की राशि क्षेत्र के समूहों को बैंक ऋण दिलाने में सहयोग रहा है। इस सेवा हेतु मासिक 6360 रू. राशि मानदेय के रूप में प्राप्त हुआ है तथा खेती कार्य के साथ-साथ मुर्गीपालन, मछलीपालन, किराना दुकान, फैन्सी स्टोर्स गतिविधि प्रारंभ किया गया इस कार्य हेतु स्वयं के तथा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत प्रदाय की जाने वाली सीआईएफ की राशि का उपयोग कर मुर्गी शेड का निर्माण, मुर्गी पालन हेतु डिंक्कर फीडर की व्यवस्था हेतु किया गया। खिलेश्वरी को सभी गतिविधियों के माध्यम से कुल 04 लाख 60 हजार रूपए वार्षिक आय प्राप्त हुई है। कभी घर तक सीमित रहने वाली खिलेश्वरी देवांगन अपने दृढ़ इच्छाशक्ति एवं दीनदयाल अंत्योदय योजना (बिहान) के सहयोग से आज ''लखपति दीदी'' के रूप में पहचान बना चुकी है और क्षेत्र की अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनकर उभरी है। खिलेश्वरी ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय को हृदय से धन्यवाद देते हुए कहा कि शासन की इन योजनाओं ने मुझे आत्मविश्वास और संसाधन दिए। मुर्गीपालन और किराना दुकान ने मेरे जीवन को बदला और आज मुझे दिल्ली में स्वतंत्रता दिवस समारोह में शामिल होने का मौका मिल रहा है। यह मेरे लिए बहुत बड़ा सम्मान है। खिलेश्वरी ने जिला प्रशासन बालोद का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रशासन के निरंतर सहयोग से ही यह संभव हो पाया है कि ग्रामीण महिलाएं अब आत्मनिर्भर बनकर अपनी अलग पहचान बना पा रही हैं।

# प्रदेश में अब तक 675.0 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (निप्र)।** छत्तीसगढ़ में 1 जून से अब तक 675.0 मि.मी. औसत वर्षा रिकार्ड की जा चुकी है। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा स्थापित राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश में अब तक बलरामपुर जिले में सर्वाधिक 1136.8 मि.मी. वर्षा रिकार्ड की गई है। बेमेतरा जिले में सबसे कम 340.4 मि.मी. वर्षा दर्ज हुई है।

रायपुर संभाग में रायपुर जिले में 610.8 मि.मी., बलौदाबाजार में 558.5 मि.मी., गरियाबंद में 561.4 मि.मी., महासमुंद में 563.6 मि.मी. और धमतरी में 540.4 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है।

बिलासपुर संभाग में बिलासपुर जिले में 700.6 मि.मी., मुंगेली में 709.4 मि.मी., रायगढ़ में 845.4 मि.मी., जांजगीर-चांपा में 878.1 मि.मी., कोरबा में 737.3 मि.मी., गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही 654.0 मि.मी., सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 607.8 मि.मी., सक्ती में 746.0 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है।

दुर्ग संभाग में दुर्ग जिले में 529.8 मि.मी., कबीरधाम में 503.1 मि.मी., राजनांदगांव में 572.7 मि.मी., बालोद में 640.1 मि.मी., मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में 825.3 मि.मी., खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में 473.5 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है।

सरगुजा संभाग में सरगुजा जिले में 525.5 मि.मी., सूरजपुर में 847.9 मि.मी., जशपुर में 764.2 मि.मी., कोरिया में 788.7 मि.मी. और मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 732.0 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। बस्तर संभाग में बस्तर जिले में 806.9 मि.मी., कोंडागांव में 539.9 मि.मी., नारायणपुर में 715.6 मि.मी., बीजापुर में 836.3 मि.मी., सुकमा में 546.2 मि.मी., कांकेर में 699.2 मि.मी., दंतेवाड़ा में 738.8 मि.मी. और औसत वर्षा रिकार्ड की जा चुकी है।

# 79वें स्वतंत्रता दिवस पर मरीन ड्राईव में होगा सीआरपीएफ का बैंड डिस्प्ले

**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (निप्र)।** गृह मंत्रालय, भारत सरकार एवं महानिदेशालय, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निर्देशानुसार 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर रायपुर शहर के मरीन ड्राईव में विशेष बैंड डिस्प्ले का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम 15 अगस्त को संध्या 5 बजे से 6 बजे तक आयोजित होगा। ग्रुप केन्द्र, सीआरपीएफ रायपुर द्वारा आयोजित इस बैंड डिस्प्ले में देशभक्ति और सांस्कृतिक धुनों का शानदार प्रस्तुतीकरण किया जाएगा। आयोजन का उद्देश्य स्वतंत्रता दिवस के उत्सव को आमजन के बीच और अधिक रोचक एवं प्रेरणादायक बनाना है। सीआरपीएफ अधिकारियों ने बताया कि बैंड दल देशभक्ति गीतों के साथ-साथ विभिन्न पारंपरिक धुनें भी प्रस्तुत करेगा, जिससे शहरवासी स्वतंत्रता दिवस के गौरवमयी माहौल का आनंद उठा सकेंगे।कार्यक्रम में शहरवासियों को बड़ी संख्या में शामिल होकर स्वतंत्रता दिवस की खुशी साझा करने का आमंत्रण दिया गया है।

## बायंग एनीकट कम काजवे निर्माण कार्य के लिए करीब 38 करोड़ रूपए स्वीकृत

**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (निप्र)।** छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग द्वारा रायगढ़ जिले के विकासखण्ड रायगढ़ के अंतर्गत माण्ड नदी पर बायंग एनीकट कम काजवे निर्माण कार्य के लिए 37 करोड़ 99 लाख 33 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। योजना के तहत निस्तारी, भू-जल संवर्धण एवं आवागमन की सुविधा के साथ ही 50 हेक्टेयर खरीफ एवं 50 हेक्टेयर रबी फसलों के लिए सोलर संयंत्र एवं पाईप लाईन हितग्राही किसानों द्वारा स्वयं के संसाधनों से सिंचाई किया जाना प्रस्तावित है। सिंचाई योजना के निर्माण कार्यों को पूरा कराने के लिए जल संसाधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन द्वारा मुख्य अभियंता हसदेव कछार जल संसाधन विभाग बिलासपुर को प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है।

# गिरौदपुरी धाम में 16 अगस्त को मनाया जाएगा जन्माष्टमी उत्सव

## कलेटर ने तैयारियों का लिया जायजा,बेहतर व्यवस्था हेतु अधिकारियों को दिये जरूरी निर्देश





**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (निप्र)।** संत शिरोमणि गुरु घासीदास की जन्मस्थली एवं तपोभूमि गिरौदपुरी धाम में 16 अगस्त 2025 को जन्माष्टमी उत्सव मनाया जाएगा।बलौदाबाजार भाटापारा कलेक्टर दीपक सोनी बुधवार को गिरौदपुरी धाम पहुंचे। उन्होंने सर्व प्रथम गुरु गद्दी का दर्शन एवं पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया। इसके पश्चात अधिकारियो को साथ लेकर जन्माष्टमी उत्सव तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने जन्माष्टमी उत्सव में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए बेहतर सुविधा और व्यवस्था हेतु जरूरी निर्देश दिये। कलेक्टर ने तैयारियों की समीक्षा करते हुए पेयजल, विद्युत, चिकित्सा, एम्बुलेंस, साफ -सफाई, सुरक्षा व्यवस्था, शौचालय, वाहन पार्किंग आदि की जानकारी ली और जो कार्य शेष है उन्हें जल्द पूरा करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी सौंपे गये जिम्मेदारी का ईमानदारीपूर्वक निर्वहन करते हुए बेहतर कार्य करें ताकि आने वाले श्रद्धालुओं को सुखद अनुभूति हो। उन्होंने गिरौदपुरी मेला हेतु स्वीकृत 5 सोलर हाई मास्ट लाइट में से स्थापित करने हेतु शेष 2 को प्राथमिकता अनुसार स्थलों पर लगाने का कार्य जल्द पूरा करने कहा। उन्होंने बताया कि गिरौदपुरीधाम में दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए छायादार शेड निर्माण कार्य हेतु तीन करोड़ की राशि स्वीकृत की गई है ।

# युक्तियुक्तकरण से स्कूलों में बढ़ी शिक्षा की गुणवत्ता, बच्चों का उज्ज्वल हो रहा भविष्य






**मीडिया ऑडीटर,रायपुर (निप्र)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की महत्वकांक्षी युक्तियुक्तकरण नीति ने ग्रामीण अंचलों के स्कूलों में शिक्षा की तस्वीर बदल दी है। जिन स्कूलों में पहले शिक्षक की कमी से पढ़ाई प्रभावित होती थी, वहां अब नियमित और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुचारू रूप से संचालित हो रही है। दुर्ग जिले के हनोदा गांव का प्राथमिक स्कूल इसका एक उत्कृष्ट उदाहरण है। पहली से पांचवीं तक की कक्षाओं में पढ़ने वाले बच्चों को पहले पर्याप्त शिक्षक नहीं मिलते थे। एक समय तो स्थिति यह थी कि एक मानदेय शिक्षक सभी विषय पढ़ाने की जिम्मेदारी निभा रही थीं, जिससे सभी कक्षाओं में समान रूप से पढ़ाई कराना संभव नहीं हो पाता था। लेकिन युक्तियुक्तकरण के तहत इस स्कूल में तीन नए शिक्षकों की नियुक्ति होने के बाद हालात पूरी तरह बदल गए हैं। अब प्रत्येक कक्षा के लिए अलग-अलग शिक्षक उपलब्ध हैं और बच्चों को विषयवार पढ़ाई मिल रही है। स्कूल प्रभारी श्रीमती सरोजनी वर्मा ने बताया कि इस पहल से स्कूल में सकारात्मक बदलाव आए हैं। उन्होंने गर्व से कहा हनोदा स्कूल के तीन विद्यार्थियों का चयन नवोदय विद्यालय में हुआ है, जो यहां की गुणवत्तापूर्ण शिक्षण व्यवस्था का प्रमाण है।

विद्यालय में कमजोर छात्रों के लिए विशेष कक्षाएं आयोजित की जाती हैं, जिनमें उनकी बुनियादी जानकारी को मजबूत किया जाता है। बच्चों की लगन और अनुशासन का अंदाज़ा इसी से लगाया जा सकता है कि वे नियमित रूप से होमवर्क पूरा कर लाते हैं। इतना ही नहीं, अभिभावक भी शिक्षा के प्रति सजग हैं और यदि बच्चों को होमवर्क नहीं दिया जाता तो स्वयं विद्यालय आकर कारण पूछते हैं। ग्रामीण अंचलों के कई स्कूलों में हनोदा की तरह हुए ये बदलाव इस बात का प्रमाण हैं कि युक्तियुक्तकरण केवल शिक्षक पुनर्वितरण का कदम नहीं, बल्कि शिक्षा की गुणवत्ता और बच्चों के भविष्य को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का संकल्प है।

# तिरंगा हमारी जान और शान, हर घर पर लहराए तिरंगा- राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा

## तिरंगा यात्रा में जनसैलाब, 'एक पेड़ माँ के नाम'

**मीडिया ऑडीटर,रायपुर (निप्र)।** देशभर में स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर उत्साह और उमंग के साथ तिरंगा यात्राओं का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में बलौदाबाजार जिला मुख्यालय में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई, जिसमें राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा विशेष रूप से शामिल हुए।



तिरंगा यात्रा अंबेडकर चौक से प्रारंभ होकर नेहरू चौक, सराफा लाइन मुख्य मार्ग होते हुए अटल चौक में संपन्न हुई। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष श्री अशोक जैन, जिला अध्यक्ष श्री आनंद यादव, स्काउट गाइड के राज्य उपाध्यक्ष श्री विजय केशरवानी, स्थानीय जनप्रतिनिधि, पार्षद एवं बड़ी संख्या में नगरवासी शामिल हुए। जनसभा को संबोधित करते हुए मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि तिरंगा हमारी जान है, तिरंगा हमारी शान है। इसके सम्मान की रक्षा के लिए अनगिनत वीरों ने अपने प्राण न्यौछावर किए हैं। हमारा कर्तव्य है कि हर घर पर तिरंगा फहराएं और इसे जन-जन का उत्सव बनाएं।उन्होंने सभी नागरिकों से तिरंगा यात्रा से जुड़ने और अपने घर पर तिरंगा लगाने की अपील की। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने नशामुक्ति की शपथ लेकर एक स्वस्थ, जागरूक और सशक्त समाज बनाने का संकल्प लिया। तिरंगा यात्रा के पश्चात राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा, कलेक्टर श्री दीपक सोनी, पुलिस अधीक्षक सुश्री भावना गुप्ता सहित जनप्रतिनिधियों ने लवन रोड पर 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण किया। इसके पश्चात मंत्री श्री वर्मा ने मुरुम तालाब के सौंदर्यीकरण कार्य का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक / प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा विप्र एक्सप्रे प्रेस सीपत रोड सरकंडा बिलासपुर छत्तीसगढ़ से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय वार्ड 14 हल्दीबाड़ी एमसीबी छत्तीसगढ़ से प्रकाशित,संपादक संदीप द्विवेदी
आर .एन .आई नं . सी टी एच आई एन /25/ए 1478 फोन नं .7974467831,9589645803, mediaauditor1@gmail .com पीआइबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार , सभी विवादों का न्याय क्षेत्र रीवा होगा